रोहतक
बुधवार, 10 जनवरी 2024
पौष मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 27, अंक : 349
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 12.9
न्यून. 9.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




07 राम मंदिर में 42 दरवाजों पर 100 किलो सोने की परत चढ़ाई जाएगी




मोदी सरकार की गारंटी
विश्वकर्मा भाई-बहनों के हुनर का सम्मान
पीएम विश्वकर्मा के तहत ₹3 लाख तक का बिना गारंटी ऋण, 18 पारंपरिक ट्रेड्स शामिल
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
हमारा संकल्प विकसित भारत





## नीट-पीजी 2024 परीक्षा अब सात जुलाई को

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) की तारीख पुनर्निर्धारित की गई है। अब यह परीक्षा इस साल 7 जुलाई को होगी। राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस वर्ष परीक्षा के वास्ते पात्रता के लिए 'कट-ऑफ' तिथि 15 अगस्त है। पहले यह परीक्षा तीन मार्च को होनी थी। बोर्ड ने एक बयान में यह जानकारी दी है। भाषा

# पंचकूला-यमुनानगर में खनन कारोबारी के घर ईडी के छापे

### प्रदीप गोयल के घर करीब 11 घंटे तक चली छापेमारी, बैंक डिटेल व कई दस्तावेज साथ ले गई टीम

### अवैध खनन और फर्जी ई-रवाना से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर/पंचकूला

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने अवैध खनन और फर्जी ई-रवाना से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में मंगलवार को पंचकूला में तिरुपति माइनिंग कंपनी के मालिक प्रदीप गोयल और यमुनानगर के खनन कारोबारी एवं इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के करीबी गुरप्रीत सभरवाल के घर और दफ्तरों पर छापेमारी की। पंचकूला के सेक्टर 4 में मकान नंबर 139 प्रदीप गोयल का बताया जा रहा है। वहींए सेक्टर 4 का मकान नंबर 1666 उसके पार्टनर गुरप्रीत का है। इसके अलावा सेक्टर 9 स्थित तिरुपति माइनिंग कंपनी के कार्यालय में भी ईडी के अधिकारी पहुंचे हैं। 2022 में रत्तेवाली गांव में प्रदीप गोयल के खिलाफ अवैध माइनिंग को लेकर ग्रामीणों ने धरना दिया था। यहां करीब 11 घंटे जांच के बाद टीम कई दस्तावेज साथ ले गई।

**यमुनानगर में खनन कारोबारी गुरप्रीत सभरवाल का घर खंगाला**

**सभरवाल के घर पर सुबह पांच बजे से चल रही ईडी की जांच**

**जठलाना खनन घाट को लेकर मिली थी शिकायतें**



### दिलबाग का करीबी है सभरवाल

यमुनानगर के खनन कारोबारी एवं इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग के करीबी गुरप्रीत सभरवाल के घर ईडी की टीम पहुंची है। जठलाना खनन घाट को लेकर शिकायतें मिल रही थी। गुरप्रीत के नाम जठलाना के घाट नंबर 14 की रॉयल्टी है। हरियाणा सीएम विंडो पर जठलाना पुलिस के खिलाफ भी शिकायतें मिल चुकी हैं। गुरप्रीत मूल रूप से झारखंड का रहने वाले है।

### गिरफ्तार हो चुके इनेलो नेता दिलबाग

एक दिन पहले ईडी की टीम ने पांच दिन तक चली लंबी जांच के बाद पूर्व विधायक दिलबाग सिंह को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया था। इस दौरान ईडी की टीम ने पूर्व विधायक समेत उनके कई करीबियों के यहां जांच की थी। ईडी की जिले में चल रही कार्रवाई को लेकर खनन कारोबार से जुड़े अन्य कारोबारियों में बेचैनी बढ़ गई है।

### यमुनानगर में यहां कार्रवाई

मंगलवार सुबह पांच बजे के करीब ईडी की टीम के सदस्य और सीआरपीएफ के जवान कई गाड़ियों में सवार होकर गुरप्रीत के जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 स्थित निवास स्थान पर पहुंचे। इस दौरान ईडी की टीम ने खनन कारोबारी के घर पर केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) के जवानों को तैनात कर दिया और आप घर के भीतर जांच करने में जुट गए। जांच के दौरान दिन भर खनन कारोबारी व उनके परिजनों को घर से ना तो बाहर निकलने दिया गया और ना ही भीतर किसी को प्रवेश करने दिया।

### कारोबारियों की बढ़ी मुश्किलें

यमुनानगर में ईडी की एक के बाद एक खनन कारोबारी के यहां चल रही छापामारी से खनन कारोबारियों में बेचैनी बढ़ गई है। गत 4 जनवरी को ईडी की टीम ने खनन व मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर पूर्व विधायक दिलबाग सिंह समेत उनके कई करीबियों के यहां छापामारी की थी।



### सोनीपत में ट्रक के नीचे घुस गई कार

# दिल्ली पुलिस के दो इंस्पेक्टर्स की मौत

**सोनीपत(हरिभूमि न्यूज)।** कुंडली के पास नेशनल हाईवे-44 पर कार और ट्रक बीच हुई टक्कर में दिल्ली पुलिस के 2 इंस्पेक्टर्स की मौत हो गई। हादसा आगे जा रहे ट्रक के ड्राइवर द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से हुआ। इससे उसके पीछे चल रही कार ट्रक के नीचे जा घुसी। ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए हैं। मरने वालों की पहचान इंस्पेक्टर दिनेश बेनीवाल झज्जर के दादनपुर गांव व इंस्पेक्टर रणबीर सिंह चहल जींद में नरवाना रूप में हुई है। बेनीवाल हैदरपुर नॉर्थ वेस्ट स्पेशल सेल व चहल आदर्श नगर थाने में तैनात थे। हादसे को लेकर पश्चिमी विहार दिल्ली के रहने वाले रणबीर के चाचा ससुर रामकुमार ने थाना कुंडली में एफआईआर दर्ज कराई है। रणबीर माता-पिता का इकलौता बेटा था।

**इंस्पेक्टर रणबीर जींद व दिनेश झज्जर के रहने वाले थे**

**कुंडली के पास नेशनल हाईवे-44 पर हुआ हादसा**

### बेनीवाल चला रहा था कार

कुंडली थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि दोनों इंस्पेक्टर रात के 11 बजे कुंडली से आगे प्याऊ मनियारी के पास पहुंचे थे, जहां हादसा हो गया। वेन्यू कार को दिनेश बेनीवाल चला रहा था। केंद्रीय वित्त मंत्रालय से रिटायर्ड रामकुमार ने पुलिस को बताया कि इंस्पेक्टर रणबीर सिंह चहल उसकी भतीजी का पति है। रणबीर व दिनेश बेनीवाल किसी काम से 8 जनवरी की शाम को दिल्ली से सोनीपत जा रहे थे। तभी यह हादसा हो गया।

### 16 साल पहले भर्ती हुए थे रणबीर

सड़क हादसे में जान गंवाने वाले इंस्पेक्टर रणबीर 16 साल पहले दिल्ली पुलिस में भर्ती हुए थे। पुलिस ने दोनों शवों का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर रामकुमार के बयान पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बेटे को पिता से नहीं मिलने देना चाहती थी, इसलिए कर दी हत्या

**महिला सीईओ ने गोवा के होटल में बेटे को मार डाला** | **बेंगलुरु जाते समय बैग में ले गई बेटे की लाश** | **कर्नाटक में चित्रदुर्ग से गिरफ्तार** | **होटल के कमरे में खून मिलने से हुआ खुलासा**

एजेंसी ▶▶ पणजी

बेंगलुरु की एक स्टार्टअप कंपनी की सीईओ भावना सेठ (39) ने गोवा में एक होटल के कमरे में अपने 4 साल के बेटे की हत्या कर दी। इसके बाद शव को बैग में भरकर टैक्सी से बेंगलुरु के लिए रवाना हो गई। गोवा पुलिस की जानकारी के बाद कर्नाटक पुलिस ने महिला को चित्रदुर्ग से गिरफ्तार कर लिया। बैग से बेटे कर शव भी बरामद हुआ है। सूचना स्टार्ट-अप कंपनी 'माइंडफुल एआई लैब' की सीईओ है और वह 2021 के लिए 'एआई एथिक्स' में शीर्ष 100 प्रतिभाशाली महिलाओं में से एक थीं। बताया जा रहा है कि वह बच्चे को उसके पिता से नहीं मिलने देना चाहती थी इसलिए मासूम की हत्या कर दी।

### सूचना स्टार्ट-अप कंपनी 'माइंडफुल एआई लैब' की सीईओ

### छह दिन की हिरासत में

गिरफ्तारी के बाद सेठ को मंगलवार को गोवा लाया गया और मापुसा शहर की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे छह दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।' सूचना मूल रूप से पश्चिम बंगाल की निवासी है। वह बेंगलुरु में रहती थी। उसके एक्स हसबैंड केरल के रहने वाले हैं। वह फिलहाल इंडोनेशिया में हैं। दोनों की शादी 2010 में हुई थी। 2019 में तलाक हो गया। **कोर्ट ने बेटे की कस्टडी मां को दी, लेकिन यह भी कहा कि हर रविवार को पिता बेटे से मिल सकेगा। वह नहीं चाहती थी कि पूर्व पति बेटे से मिले। इसलिए हत्या कर दी।**





### ऐसे पकड़ी गई सूचना सेठ

महिला छह जनवरी को बेटे के साथ गोवा के कैंडोलिम में पहुंची थी। दो दिन बात उसने अपार्टमेंट के कर्मचारियों को कहा कि उसे बेंगलुरु जाना है। टैक्सी की व्यवस्था कर दें। कर्मियों ने कहा कि वह बेंगलुरु के लिए उड़ान ले सकती हैं, क्योंकि टैक्सी से जाना महंगा रहेगा।' लेकिन आरोपित ने टैक्सी की जिद की। आठ जनवरी को वि टैक्सी से बेंगलुरु निकल गई। जब कर्मचारी उस कमरे की सफाई करने के लिए गए, तो उन्हें तौलिये पर खून के धब्बे मिले। 'इस बारे में कलंगुट पुलिस को सूचित किया और एक टीम मौके पर पहुंची कर्मचारी ने यह भी बताया कि जब महिला फ्लैट से निकली थी, तो उसका चार साल का बेटा उसके साथ नहीं था। उसके पास असामान्य रूप से भारी बैग था। महिला ने पूछताछ में कि खून के धब्बे उसके मासिक धर्म के कारण थे।

## शास्त्रीय संगीत के मशहूर गायक राशिद का निधन

**कोलकाता(भाषा)।** हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को अनगिनत श्रोताओं तक मशहूर आवाज में पहुंचाने वाले संगीत के सरताज उस्ताद राशिद खान का मंगलवार दोपहर एक अस्पताल में निधन हो गया। खान चार साल से प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित थे। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह 55 साल के थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे और एक बेटी है। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया, 'हमने पूरी कोशिश की, लेकिन हम असफल रहे।'



55 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

# रोहतक में अंगीठी जलाकर सोया परिवार, बच्ची की मौत, 4 गंभीर

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** सुनारिया चौक पर एक परिवार सोमवार रात अंगीठी जलाकर सो गया। कार्बन मोनोआक्साइड गैस बनने से परिवार बेहोश हो गया। पड़ोसी पुलिस की मदद से गम्भीर अवस्था में परिवार को पीजीआई लेकर पहुंचे, जहां दस माह की बच्ची की मौत हो गई। बताया जा रहा है गांव मोखरा निवासी अनेश परिवार के साथ सुनारिया चौक पर रहता है।

### चार सदस्य पीजीआई में भर्ती

अनेश की अनाज मंडी में आढ़त की दुकान है। ज्यादा ठंड की वजह से वे रात को अंगीठी जलाकर सोए थे। रात को पड़ोसी ने कॉल की, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। रात करीब साढ़े 12 बजे पुलिस को बुलाया गया और दरवाजा तोड़कर देखा तो परिवार के पांचों सदस्य बेहोश मिले। पुलिस ने अनेश (41), पत्नी नीलम (38), बेटी निशु (8), बेटे म्यान (4) व 10 माह की बच्ची परी को पीजीआई भर्ती कराया, जहां परी की मौत हो गई।

# अब लक्षद्वीप में भारत बनाएगा नया एयरपोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लक्षद्वीप-मालदीव विवाद के बीच भारत सरकार लक्षद्वीप में एयरपोर्ट बनाने की तैयारी कर रही है। इसे लक्षद्वीप के मिनिकॉय आइलैंड में बनाया जाएगा, जहां फाइटर जेट्स, मिलिट्री ट्रांसपोर्ट प्लेन और कॉमर्शियल एयरक्राफ्ट ऑपरेट कर सकेंगे। ये जानकारी मंगलवार को सूत्रों के हवाले से सामने आई है। मिनिकॉय आइलैंड में नई एयरफील्ड बनाने का प्रस्ताव काफी समय पहले सरकार के पास भेजा गया था, लेकिन पिछले हफ्ते पीएम नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद इस प्रस्ताव को नए सिरे सरकार के सामने पेश किया गया है। फिलहाल लक्षद्वीप में सिर्फ एक हवाई पट् टी है, जो अगाट्टी में स्थित है। यहां पर छोटे एयरक्राफ्ट ही लैंडिंग-टेकऑफ कर पाते हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के बाद एक्शन**


USHA MARTIN UNIVERSITY
Approved by: UGC | AIU | PCI | BCI | AICTE | INC
Announces
Ph.D Entrance Exam
Application Invited for
Full-Time/Part-Time Ph.D Admission
Ph.D Programmes For January 2024 Batch
Computer Science | Law | Management | Education | Pharma | Journalism & Mass Communication | Mathematics | Microbiology | Biotechnology | English | Physics | Chemistry | Commerce | Mechanical | Agriculture | Nursing
upto 30,000 per month fellowship available
Last date of Submission of Application Form 16th Jan 2024
Date of Entrance Test on 21st Jan 2024
At Village Narayansoso, Near Angara Block Office, Ranchi-Purulia Highway, Ranchi
Call Now: +91 8956 226 200, 8055 200 400
www.umu.ac.in
APPLY NOW


# चिराग और रंकीरेड्डी को खेल रत्न प्रदेश के तीन खिलाड़ी बने अर्जुन

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खिलाड़ियों को पुरस्कारों से नवाजा




हिसार की अंतिम, सोनीपत के पहलवान सुनील और झज्जर की गोल्फर दीक्षा सम्मानित

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों से नवाजा। जहां क्रिकेटर मोहम्मद शमी और पैरा तीरंदाज शीतल देवी तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पुरस्कार लेने पहुंचे। वहीं, बैडमिंटन खिलाड़ियों चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को 2023 में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया। उन्होंने 2023 में एशियाई खेलों में अपना और बैडमिंटन में देश का पहला स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा, हरियाणा के 3 खिलाड़ियों हिसार की पहलवान अंतिम पंघाल, सोनीपत के पहलवान सुनील मलिक और झज्जर की गोल्फर दीक्षा डागर को समेत देशभर के करीब 26 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

### यह मिलेगा

खेल रत्न विजेताओं को 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है, जबकि अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार में 15 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

(सूची खेल पेज पर)


विको — विश्वसनीय आयुर्वेद — १९५२ से
Go natural आयुर्वेदिक औषधि
ऐसा मौक़ा फ़िर कहां मिलेगा
एक के साथ एक मुफ्त* पाएं
अब विको के दर्जेदार उत्पादों के साथ आयुर्वेद की खूबियों को घर लाएं और परिवार सहित स्वस्थता की दिशा में एक और क़दम बढ़ाएं ।
आयुर्वेद के गुण अनेक, इसका लाभ उठाए हर एक!
सोचे नहीं, आज ही खरीदें!
ऑफर सीमित समय के लिए


विको वज्रदंती पेस्ट | विको लोशन्स | विको एलो केयर क्रीम | विको नारायणी क्रीम | विको शेविंग क्रीम बेस
*खरीदें गए उत्पाद के साथ वही समान उत्पाद बिल्कुल मुफ्त पाएं।
*Products also available without offer *Available in select cities and stores
संपूर्ण स्वदेशी
• Follow us on @viccolabs • Like us on /ViccoLabs
• Shop online at https://viccolabs.com • Customer Care No. 0712-2420890

## खबर संक्षेप

### कुरुक्षेत्र आप जिला अध्यक्ष ने छोड़ी पार्टी


जगबीर जोगनाखेड़ा।

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता कर जिला अध्यक्ष पद व पार्टी छोड़ने का ऐलान किया। जगबीर जोगनाखेड़ा ने पार्टी छोड़ने का कारण अनदेखी बताया। उन्होंने बताया कि पार्टी के सीनियर नेताओं की तानाशाही व अडियल रवैये के कारण कार्यकर्ता पार्टी छोड़ने को मजबूर हो रहे है। किसी दूसरी पार्टी ज्वाईन करने बारे जगबीर जोगनाखेड़ा ने कहा कि अभी किसी भी पार्टी में शामिल नहीं हो रहे है।

### 12 को सुनी जाएगी बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों (करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर और रोहतक) के उपभोक्ताओं की शिकायतों का 12 जनवरी को मुख्य अभियंता रोहतक के कार्यालय चौथी मंजिल राजीव गांधी विद्युत भवन रोहतक के कांफ्रेंस हॉल प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा।

### मिड-डे मील वर्कर्स 11 को करनाल में करेंगे रैली

**चंडीगढ़।** हजारों मिड डे मील वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर 11 जनवरी को करनाल में करेंगे रैली। उक्त बात मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा की अध्यक्ष सरोज दुजाना, महासचिव शरबती देवी व फेडरेशन के उपाध्यक्ष जय भगवान ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य भर में रैली की जोरदार तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में 30 हजार के करीब मिड डे मील वर्कर्स हैं, जो भारी समस्याओं का सामना कर रही है। संगठन नेताओं ने कहा कि सरकार पूरी तरह से सरकारी शिक्षा व्यवस्था को तबाह करने पर उतारू है।

### अग्निपथ के तहत 17 से आवेदन आमंत्रित

**चंडीगढ़।** अग्निवीर योजना के तहत भारतीय वायु सेना ने अग्निवीर वायु प्रवेश 01/2025 हेतु चयन परीक्षा के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 17 जनवरी से 6 फरवरी तक किया जाएगा, जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च से आयोजित होगी। पात्र उम्मीदवार पंजीकरण के लिए वेब पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अग्निपथवायु डॉट सीडैक डॉट आईएन पर लॉगिन कर सकते हैं।

### उपमुख्यमंत्री ने 16 परियोजनाओं के किए शिलान्यास व उद्घाटन

**चंडीगढ़।** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने फतेहाबाद में 215 करोड़ 65 लाख 23 हजार रुपये की 16 विकास परियोजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन किए। फतेहाबाद जिला की 16 विकास परियोजनाओं में फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के सात, रतिया के पांच तथा टोहाना क्षेत्र के चार विकास कार्यों का उद्घाटन किए।

---

### सीएम विंडो की शिकायत पर मुख्यमंत्री की बड़ी कार्रवाई

# अलॉटमेंट लेटर जारी नहीं करने पर यूएलबी भिवानी का कार्यकारी अधिकारी सस्पेंड

**जनता की शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारी, समय पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें**

- भिवानी के अशोक कॉलोनी के रहने वाले शंकर ने सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करवाई थी
- सरकार द्वारा जनता को सभी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से प्रदान करने के लिए किए जा रहे हैं अथक प्रयास



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सीएम विंडो पर दर्ज प्लॉट के अलॉटमेंट लेटर समय पर जारी नहीं करने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए शहरी स्थानीय निकाय, भिवानी के कार्यकारी अधिकारी अभय सिंह को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री ओएसडी और मुख्यालय पर सीएम विंडो की निगरानी कर रहे भूपेश्वर दयाल ने कहा कि सरकार द्वारा जनता को सभी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन कार्य में देरी करने को लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों पर लगातार सख्ती बरती जा रही है। इसी कड़ी में उपरोक्त कार्रवाई की गई है। भूपेश्वर दयाल ने बताया कि अशोक कॉलोनी, भिवानी के निवासी शंकर द्वारा सीएम विंडो पोर्टल पर एक शिकायत दर्ज करवाई गई थी, जिसमें बताया गया कि वर्ष 1985 में बोली के तहत उसने नगर परिषद, भिवानी से एक प्लॉट खरीदा था। उसने प्लॉट के मूल्य की एक चौथाई राशि तथा सिक्योरिटी का पैसा जमा करवा दिया था। लेकिन नगर परिषद् द्वारा उसे आज तक प्लॉट का ऑलाटमेन्ट लेटर जारी नहीं किया गया।

उन्होंने बताया कि प्रार्थी प्लॉट की बकाया राशि भरने के लिए तैयार है। लेकिन 12 मई, 2022, 4 अगस्त, 17 नवंबर, 2022 तथा 5 अक्तूबर, 2023 को बार-बार रिमाइंडर जारी करने के बाद भी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही रिपोर्ट अपलोड नहीं की गई। नगर परिषद् भिवानी के कार्यकारी अधिकारी अभय सिंह बतौर प्रशासकीय कार्यभारी अधिकारी होने के कारण इस मामले में करवाने की जिम्मेदारी उनकी बनती है।

#### हर हाल में तय समयावधि में सभी सुविधाएं मिलें

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस मामले में की गई देरी के लिए जिम्मेवार शहरी स्थानीय निकाय, भिवानी के कार्यकारी अधिकारी अभय सिंह को निलंबित कर दिया। साथ ही शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव को संबंधित मामले में कार्यवाही कर रिपोर्ट शीघ्रातिशीघ्र भिजवाने के भी निर्देश दिए हैं। ओएसडी भूपेश्वर दयाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का ध्येय है कि जनता को हर हाल में तय समयावधि में सभी सुविधाएं मिले, इसमें किसी स्तर पर भी किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। मुख्यमंत्री न केवल सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हैं, बल्कि वे अन्य माध्यमों से प्राप्त नागरिकों के प्रतिवेदनों पर भी त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करवाते हैं। इसलिए अधिकारी व कर्मचारी जनता की शिकायतों को गंभीरता से लें और अपने कार्य में किसी भी प्रकार की देरी या कोताही न बरतें, ऐसा न करने वालों पर समय-समय पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

---

### डॉ आंबेडकर पर लिखित पुस्तक का विमोचन



## साहित्य समाज का आइना, साहित्यकार लेखनी से समाज में बदलाव लाने की रखता है क्षमताः सीएम

- मुख्यमंत्री ने संत कबीर कुटीर पर डॉ कृष्ण गोपाल द्वारा लिखित पुस्तक डॉ बाबासाहेब भीमराव रामजी आंबेडकर जीवन और चिंतन का विमोचन किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़


मुख्यमंत्री और हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष मनोहर लाल ने कहा कि संत-महापुरुषों की सोच प्राचीनकाल से ही सामाजिक समरसता व एकात्म मानववाद की रही है। ऐसे संत-महापुरुषों को किसी एक वर्ग से जोड़ कर नहीं देखा जाना चाहिए। प्रदेश सरकार ने इसी को ध्यान में रखते हुए संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार प्रसार योजना चलाई है और महापुरुषों की जयंतियां एवं स्मृति दिवसों को सरकारी स्तर पर मनाने की पहल की है, ताकि युवा पीढ़ी को संत महापुरुषों की जीवनी से समाज कल्याण की प्रेरणा मिले। मुख्यमंत्री यहां अपने संत कबीर कुटीर पर डॉ कृष्ण गोपाल द्वारा लिखित एवं हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तक डॉ बाबासाहेब भीमराव रामजी आंबेडकर जीवन और चिंतन का विमोचन करने उपरांत उपस्थित साहित्यकारों को संबोधित कर रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि साहित्य समाज का आईना होता है और साहित्यकारों की समाज के प्रति अहम भूमिका होती है। एक साहित्यकार अपने शब्दों और विचारों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। डॉ बाबासाहेब भीमराव रामजी आम्बेडकर ने भी अपने जीवन में सदैव समाज के सभी वर्गों में समरसता, समन्वय व खुशहाली लाने के लिए कार्य किया। उनके जीवन पर लिखी गई यह पुस्तक निश्चित तौर पर युवाओं को सकारात्मक दिशा में बढ़ने के लिए निश्चित तौर पर प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबासाहेब ने जिस सोच व विचार से देश का संविधान लिखने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

---

### आईपीएस अधिकारियों को काल्पनिक पद देने का मामला

## कोर्ट ने एसीएस होम को शिकायत पर निर्णय लेने का आदेश दिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार ने कोर्ट में याचिका दाखिल की थी

प्रदेश में आईपीएस अधिकारियों को काल्पनिक पद देने और इसके माध्यम से जनता के गाढ़े पसीने की कमाई लुटाने का डीजीपी पी के अग्रवाल पर आरोप लगाने की एक याचिका का हाई कोर्ट ने निपटारा करते हुए अक्टूबर माह में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह (एसीएस होम ) को इस मामले की शिकायत पर निर्णय लेने का आदेश दिया है। इस मामले में आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। लेकिन हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह सचिव ने इस मामले में कुछ नहीं किया। इस पर कुमार ने हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दायर कर एसीएस होम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हाई कोर्ट के जस्टिस राजबीर सहरावत ने याचिका पर सुनवाई करते हुए एसीएस होम को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने यह साफ कर दिया कि अगर कोई अपील कही पर लंबित है और उस पर कोई रोक आदेश नहीं है तो कोर्ट के आदेश की पालना न करने के कोई कारण स्वीकार नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने साफ कर दिया कि अगली सुनवाई तक आदेश की पालना नहीं की गई तो प्रतिवादी अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह को कोर्ट में स्वयं पेश हो।

---

### पूर्व क्रिकेटर जोगिंदर शर्मा की याचिका पर सुनवाई

## हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़


हरियाणा में आईपीएस प्रमोशन लिस्ट विवाद में सुनवाई

पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर जोगिंदर शर्मा की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। शर्मा जो खेल कोटा के तहत हरियाणा पुलिस में डीएसपी के रूप में कार्यरत हैं, ने आईपीएस अधिकारियों के रूप में पदोन्नति के लिए विचार किए गए लोगों की सूची में अपना नाम शामिल नहीं करने के खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाई कोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी कर स्पष्ट कर दिया कि 2021 की चयन सूची के लिए आईपीएस पद पर पदोन्नति इस याचिका के अंतिम फैसले पर निर्भर होगी। शर्मा के अनुसार, राज्य सरकार 2021 की चयन सूची के लिए आईपीएस पद पर पदोन्नति के लिए राज्य पुलिस सेवा के 12 अधिकारियों के नामों पर विचार कर रही है और सूची में शामिल अधिकांश डीएसपी 2009 में राज्य पुलिस में शामिल हुए थे। इस तथ्य के बावजूद सूची में उसे शामिल नहीं किया गया कि जबकि वह 5 अक्टूबर 2007 सेवा में शामिल हुआ था और नियमों के अनुसार सभी 11 डीएसपी से पहले प्रोबेशन पूरी की थी। याचिका में तर्क दिया गया कि राज्य प्राधिकारियों ने पत्र में अवैध रूप से उल्लेख किया है।

---

### मुख्य सचिव ने बहल, लोहारू, नूंह, हथीन ब्लॉकों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

## नूंह को पुनर्जीवित करने को कृषि समृद्धि के दो आयामी दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया जाए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्य सचिव, संजीव कौशल ने नूंह जिले का कायाकल्प करने के लिए दोहरा दृष्टिकोण अपनाने और नूंह में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने पर बल दिया। इसका उद्देश्य किसान उत्पादक संगठन बनाकर नूंह को प्याज और टमाटर के लिए अग्रणी बागवानी केंद्र के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने इन आवश्यक फसलों की बढ़ती मांग का हवाला देते हुए कहा कि प्रस्तावित योजना में छंटाई और कटाई जैसी प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए जिससे राज्य के अन्दर अधिक कुशल आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित हो सके। मुख्य सचिव यहां बहल, लोहारू, नूंह, पुन्हाना, हथीन, नाहड़ और बाढड़ा ब्लॉकों के लिए आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। अप्रयुक्त क्षमता की पहचान की जाए और संबंधित उपायुक्त, क्षेत्र में एक जीवंत सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए मिट्टी के बर्तन बनाने और लोकल उत्पाद को बढ़ावा दें।

#### शीर्ष रैंकिंग और पर्याप्त अनुदान

बैठक में बताया गया कि हरियाणा के नूंह ब्लॉक ने अक्टूबर 2023 की पहली तिमाही एबीपी डेल्टा रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है और बुनियादी ढांचे में सर्वोच्च समग्र डेल्टा रैंकिंग भी हासिल की है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से नूंह ब्लॉक को 3 करोड़ रुपए के बड़े अनुदान मिलेगा।

---

## कबूतरबाजों पर शिकंजा कसने के लिए हम कानून बनाने जा रहे: विज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

फ्रांस में गत दिनों पकड़े गए एक जहाज में डंकी के जरिए अमेरिका जा रहे युवक पकड़े गए, जिनमें कई बच्चे हरियाणा के हैं, के सवाल पर विज ने कहा कि यह गंभीर समस्या है। इसके लिए पहले करनाल रेंज की आईजी की अध्यक्षता में एसआईटी बनाई थी, अब अम्बाला रेंज के आईजी की अध्यक्षता में एसआईटी बनाई है जिसने अब तक 500 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि यह गहरी बीमारी है और हम इसके लिए कानून भी बनाने जा रहे हैं, जो हर आदमी एजेंट बना हुआ है हम उनको कानून के दायरे में लाएंगे ताकि किसी के साथ हेराफेरी न हो।



#### पति के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश

गृह मंत्री अनिल विज ने विवाहिता की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के आदेश दिए। मारपीट करने वाले पति के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश पानीपत के एसपी को दिए। विज अपने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्या सुन रहे थे।

#### "हमें अज्ञानियों से शिक्षा नहीं लेनी,

गृह मंत्री अनिल विज का बिहार के शिक्षा मंत्री पर पलटवार, बोले "हमें अज्ञानियों से शिक्षा नहीं लेनी, अल्प ज्ञानी अपना मुंह बंद रखें तो देश की बहुत बड़ी सेवा होगी" चंडीगढ़। हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने बिहार के शिक्षा मंत्री के "मंदिर का रास्ता गुलामी का रास्ता" के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि "हमें इन अज्ञानियों से शिक्षा नहीं लेनी है"। हिंदुस्तान की संस्कृति, धर्म व संस्कार बहुत प्राचीन है और महापुरूषों ने इसके बारे में बहुत कुछ बता रखा है। ऐसे अल्प ज्ञानी यदि अपना मुंह बंद रखेंगे तो यह देश की बहुत बड़ी सेवा होगी। विज मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

---

### शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा

## विकसित भारत के लिए युवाओं की सोच आधुनिक होनी चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़


ग्रामीणों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया

हरियाणा के स्कूल शिक्षा, वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवरपाल ने मंगलवार को जिला यमुनानगर के प्रतापनगर एवं छछरौली में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। स्कूल शिक्षा मंत्री के संकल्प यात्रा में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। स्कूल शिक्षा मंत्री ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में भागीदारी करते हुए ग्रामीणों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए अविलंब समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत तभी बनेगा जब हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले जो उन्हें रोजगार के लिए सक्षम बनाए और उनकी सोच 21वीं सदी के आधुनिक विचारों से ओतप्रोत हो। नरेन्द्र मोदी ने अगले 25 वर्षो में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है।

---

### 832 सरकारी स्कूलों को बंद करने का आरोप

## निजी क्षेत्र को बढ़ावा दे रही सरकार: सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़


सरकार मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने की जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकती।


अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने में लगी हुई है, इसी के चलते सरकार 832 सरकारी स्कूलों को बंद कर गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है, सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने की जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकती। सत्ता के मद में चूर ऐसी सरकार को सबक सिखाने के लिए जनता बस चुनाव की प्रतीक्षा कर रही है। हिसार में आवास पर एक पत्रकारों से बातचीत करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश सरकार 832 सरकारी स्कूलों को बंद करने जा रही है जहां पर बच्चों की संख्या 20 से कम है। उन्होंने कहा कि सरकार को स्कूल बंद करने से पूर्व इस बात का पता लगाना चाहिए था।


---

**मौसम** नारनौल रहा प्रदेश में सबसे ठंडा, रात्रि पारा 10 तथा दिन का 15 डिग्री से रहा नीचे

## शीत लहर से नहीं मिली राहत, जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार





प्रदेश में शीत लहर से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में मंगलवार को भी सूर्य के दर्शन हुए। कई जगहों पर बादलवाई रहने से अन्य दिनों की अपेक्षा धुंध कम थी। प्रदेश के प्रमुख शहरों का न्यूनतम पारा 10 तथा अधिकतम पारा 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। नारनौल में रात्रि पारा 6 डिग्री सेल्सियस रहा, जोकि प्रदेश में सबसे कम है। इसके साथ ही नारनौल का ही अधिकतम पारा 14.2 रहा, यह भी प्रदेश के अन्य शहरों के मुकाबले सर्वाधिक है। उधर, मौसम वैज्ञानिकों ने पश्चिमी विक्षोभ के चलते बुधवार को प्रदेश के कई हिस्सों में बूंदाबांदी या फिर हल्की बारिश होने की संभावना है। उसके बाद फिर से प्रदेशवासियों को फिर से कड़कडाते ठंड का सामना करना पड़ेगा।

बता दें कि नववर्ष के आगमन के साथ ही प्रदेश में सर्दी ने लोगों की कंपकंपी छुड़वा हुई है। दिन और रात्रि पारा में चल रही गिरावट के चलते लोग ठंड में ठिठुरने को मजबूर है। प्रदेश में लगातार कोल्ड-डे का सिलसिला जारी है। अत्याधिक कोहरे के चलते हवाई, परिवहन तथा रेल सेवाओं पर भी व्यापक असर पड़ रहा है।

#### तापमान की स्थिति

| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| नारनौल | 6.0 | 14.2 |
| अंबाला | 6.2 | 10.4 |
| फतेहाबाद | 8.6 | 9.4 |
| करनाल | 8.2 | 11.1 |
| भिवानी | 7.2 | 11.7 |
| पंचकूला | 8.3 | 10.7 |
| हिसार | 9.2 | 12.0 |
| जींद | 8.5 | 11.1 |
| महेंद्रगढ़ | 9.1 | 13.6 |
| सोनीपत | 8.9 | 12.8 |

#### कई जिलों में आज हल्की बारिश के संकेत

उधर, मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते प्रदेश में बुधवार को कहीं-कहीं बूंदाबांदी या फिर हल्की बारिश के संकेत है। बारिश के बाद हल्की धूप निकालने की भी संभावना है। ऐसे में धूप निकलने से लोगों को कड़ाके की सर्दी से थोड़ी राहत मिल सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद फिर से हवाओं की दिशा बदलकर उत्तरी हो जाएगी और प्रदेश वासियों को 11 जनवरी से कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ेगा। घने कोहरे के साथ ही दिन और रात में ठंड का प्रकोप बढ़ने की संभावना हो जाएगी।

---

## भारत संकल्प यात्रा के दौरान 7,23 456 लोग करा चुके हैं स्वास्थ्य की जांच

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

विकसित भारत संकल्प यात्रा हरियाणा के गांवों और शहरों में पहुंच रही है। लोग यात्रा का स्वागत करने के साथ-साथ अपनी समस्याओं से सांसदों, विधायकों और अधिकारियों को अवगत करा रहे हैं, जिससे उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान भी हो रहा है। इस प्रक्रिया से लोग खुश हैं। उन्हें इस बात का संतोष है कि समस्याओं के निदान के लिए उन्हें जिला मुख्यालय के कार्यालयों में नहीं जाना पड़ता है। उनके समय व धन की भी बचत हो रही है। यहीं नहीं इस यात्रा के दौरान लोग स्वास्थ्य जांच का भी बखूबी लाभ ले रहे हैं। घर द्वार पर ही कैंप लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। यात्रा के दौरान 7 लाख 23 हजार 456 लोग विभिन्न जगहों पर लगे कैंपों में स्वास्थ्य की जांच करा चुके हैं। 4 लाख 98 हजार 23 लोगों ने टीबी की जांच कराई है। लोगों को मुफ्त दवा भी मिल रही है। यात्रा के प्रति लोग खासे उत्साहित हैं। अभी तक यात्रा में 40 लाख 16 हजार 294 लोग भागीदारी कर चुके हैं। 23 लाख 19 हजार 454 पुरुष और 16 लाख 89 हजार 935 महिलाएं यात्रा में उपस्थिति दर्ज करा चुकी हैं। वर्ष 2047 तक भारत को विश्व का विकसित राष्ट्र बनाना है।


कैथल। गैस चूल्हा भेंट करतीं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा।

#### मुख्यमंत्री स्वयं कर रहे हैं मानीटरिंग

मुख्यमंत्री मनोहर लाल विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मिलने वाली शिकायतों की स्वयं मानटरिंग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री लोगों से संवाद भी करते हैं और बैठकें लेकर अधिकारियों को भी निर्देश देते हैं कि लोगों की समस्याओं का तत्परता से समाधान करें। मुख्यमंत्री के इसी एक्शन मोड से लोग भी प्रभावित हैं और उनके सामने खुलकर बात रखते हैं। अब लोगों को अपनी बातें सीएम तक पहुंचाने में बिचौलियों की जरूरत नहीं पड़ रही है।

**खबर संक्षेप**

## बैंककर्मी की हत्या के दो आरोपी काबू, रिमांड पर

**करनाल।** जिले के गांव जलमाना के खेत में बैंककर्मी की तेजधार हथियार से हत्या को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर चार दिन का रिमांड हासिल किया है। महावीर निवासी असंध ने शिकायत दी थी कि उसके भाई अशोक बिंदल जोकि पंजाब नेशनल बैंक का कर्मचारी है कि लाश जलमाना के खेत में पाई गई है। महावीर को अशोक की हत्या के पीछे बलराज निवासी पांडू पिंडारा, जींद का हाथ लगा।

## प्याज से भरे ट्रक में ले चूरापोस्त, तीन पकड़े

**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना पुलिस ने पंजाब के तीन युवकों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 12 किलो 200 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद किया है। आरोपियों की पहचान सुखबीर उर्फ सुखी व बुटा सिंह निवासी गांव बलरां, मूनक तथा कर्मजीत उर्फ कर्मी निवासी गांव भटाल खुर्द, मूनक, पंजाब के तौर पर हुई थी। ट्रक में प्याज के कट्टे भरे हुए थे। जांच के दौरान एक कट्टे मे 12 किलो कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ।

# अवैध घुसपैठ करके जींद में लेबर ठेकेदार बन गया बांग्लादेशी

### गिरफ्तार बंगलादेशियों को किया कोर्ट में पेश भेजा न्यायिक हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारत अवैध रूप से घुस कर गांव पाजूखुर्द ब्लीचिंग हाउस में मजदूरी करते पकड़े बंगलादेशियों ने लगभग दो साल पहले दलाल की मार्फत बार्डर को पार किया था। जिसके बाद पश्चिमी बंगाल से रेलगाड़ी में सवार होकर दिल्ली होते हुए पानीपत पहुंचे थे। बाद ने उन्हें दलाल ने मजदूरी के लिए ब्लीचिग हाउस में गांव पाजूखुर्द भेज दिया गया। सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों ने मजदूरों से गहनता से पूछताछ की है।

अवैध रूप से रहने के आरोप में पकडे.गए सभी दस बंगला देशियों को अदालत में पेश किया गया। जहां से उन्हें अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जिसके साथ पकडे.गए मजदूरों के बारे में बंगलादेश एंबेसी को सूचना दे दी गई है। सीएम फ्लाइंग गणतंत्र दिवस को लेकर अर्लट पर है।



जींद। पुलिस गिरफ्त में बंगलादेशी।

**दस्तावेज मांगने पर फूटा घुसपैठ का भंडा**

सीएम फ्लाइंग को इनपुट मिलने के बाद जब छापेमारी की तो कपड़े की कतरन रंगाई का कार्य कर रहे मजदूरों ने खुद को पश्चिमी बंगाल को बताया। जब उनसे दस्तावेज मांगे गए तो उन्हें दिखाने में नाकाम रहे। जब दबाव डाला तो बंगला देशी होने की बात स्वीकार कर ली। अवैध रूप से रहने के चलते बच्चे समेत सभी दस मजदूरों की बगलादेशी की शिनाख्त होने पर सदर थाना सफीदो पुलिस ने उनके खिलाफ अवैध रूप से देश में घुसपैठ करने अवैध रूप देश मे रहने समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर गिरफतार कर लिया था।

जिसके चलते उन्हें पाजूखुर्द ब्लीचिंग हाउस में अवैध रूप से भारत में घुस कर मजदूरी करने वाले बंगलादेशियों के होने इनपुट मिले। जिसके आधार पर करनाल तथा जींद यूनिट सीएम फलाइंग ने ब्लीचिंग प्लाट पर छापेमारी की। जिसमें बच्चे समेत छह ब्लीचिंग हाउस में रह रहे थे। जबकि चार सफीदों में किराये पर रह रहे थे। पकडे.गए लोगों में एक बालक, दो महिला तथा सात पुरूष शामिल हैं। सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों ने मजदूरों से गहनता से पूछताछ की।

**खास बातें**

- बिना दस्तावेज के साथ पकड़े गए मजदूरों की सूचना बंगलादेश एंबेसी को दी
- दो साल से कपडा उद्योग में कर रहे थे कतरन रंगाई का कार्य
- दलाल करवाते अवैध घुसपैठ ठेकेदार दिला रहा था मजदूरी का कार्य

### बार्डर पार करवाने के 6 से 7 हजार लेता था दलाल

पुलिस छानबीन में सामने आया कि गांव बेलतला जिला दिनासपुर बंगलादेश निवासी सोहराब के पिता लगभग तीन दशक पहले पानीपत आए थे।

सोहराब अब यहां पर लेबर ठेकदार बन चुका है। जो सस्ती लेबर उपलब्ध करवाता था। जिसके लिए वह बंगलादेश से अवैध रूप से आने वालों को पानीपत तथा आसपास के इलाकों में मजदूरी का काम दिलाता था। सूत्रों के अनुसार दलाल बार्डर पार करवाने के लिए छह से सात हजार रुपये लेता था। आगे उन्हें काम दिलाने का जिम्मा सोहराब लेता था। किसी को संदेह न हो, इसके लिए मजदूरों को पश्चिम बंगाल का बताता था।

सदर थाना सफीदों प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि अवैध रूप से रहने के आरोप में पकडे.गए सभी बंगलादेशियों को अदालत में पेश किया गया। जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जिसकी सूचना बंगलादेश एम्बेसी को दे दी गई है।

# गोली मारकर हत्या करने पर तीन दोषियों को उम्रकैद

- दो दोषियों को 30-30 हजार तो एक को 33 हजार रुपये लगाया जुर्माना
- करीब सवा छह साल पहले किसान की गोली मार कर हत्या करने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नेहा नौरिया की अदालत ने लगभग सवा छह साल पहले गांव करेला रंजिशन गोली मार कर हत्या करने के जुर्म में तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सजा के अलावा दो दोषियों को 30-30 हजार तथा एक दोषी को 33 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषियों को दो -दो साल का अतिरिक्त कारवास भुगतना होगा।

अभियोग के अनुसार गांव करेला निवासी धर्मबीर ने सात नवंबर 2017 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके भाई सतबीर से गांव का ही विकास रंजिश रखे हुआ था। देर शाम को उसका भाई सतबीर खेत से आते समय गांव में शराब ठेके के पास अंडों की रेहड़ी के पास खड़ा हुआ था। उसी दौरान विकास अपने दो साथियों के साथ वहां पर आया असलहा से फायरिंग कर दी। जिसमें सतबीर को पेट तथा छाती में गोली लगी। वारदात को अंजाम देकर तीनों फरार हो गए। गंभीर हालात में सतबीर को पहले जुलाना सीएचसी तथा बाद में रोहतक पीजीआई रोंहतक ले जाया गया। जहा पर सतबीर की मौत हो गई। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के भाई धर्मबीर की शिकायत पर गांव करेला निवासी विकास, विजय, मुकेश के खिलाफ हत्या, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। मंगलवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नेहा नौरिया की अदालत ने हत्या के जुर्म में तीनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

# पांचवें फिल्म फेस्टिवल की ट्रॉफी लांचिंग 10 जनवरी को टैगोर थिएटर चंडीगढ़ में

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- फरवरी में होगा तीन दिवसीय समारोह

फरवरी माह में होने जा रहे तीन दिवसीय पांचवें फिल्म फेस्टिवल की ट्राफी की लांच एवं सोविनियनर विमोचन 10 जनवरी को टैगोर थिएटर में होगी। यहां बॉलीवुड और म्यूजिक इंडस्ट्री के कई बड़े सितारे पहुंचेंगे। आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पिछले वर्षों में भारत के चार प्रमुख राज्यों में फिल्म फेस्टिवल आयोजित किए जा चुके हैं। इस बार यह फेस्टिवल सिटी ट्राई सिटी में 23 से 25 फरवरी 2024 को बड़े स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस पांचवें चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल की ट्राफी लांचिंग पर 10 जनवरी को फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा के अलावा परमजीत सिंह सिद्धू पम्मी बाई एवं अन्य कई बड़ी हस्तियां पहुंचेंगी। इस आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा चुकी है। टैगोर थिएटर में ट्राफी लांचिंग इवेंट एक मेगा शो के रुप में आयोजित जा रहा है। समारोह में सेलिब्रिटी, राजनेताओं और अलग अलग क्षेत्र की कई दिग्गज पहुंचेंगे। कार्यक्रम को पूर्ण रुप से व्यवस्थित बनाने के लिए सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं पर फोकस किया है। आयोजन समिति द्वारा बनाई गई 31 टीमों के अलावा सेकेंड लीड की समीक्षा बैठकें जारी है।

## स्कूल 31 तक अपडेट करें स्टाफ स्टेटमेंट

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव एवं सचिव ज्योति मित्तल ने बताया कि सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी, नियमित व मुक्त विद्यालय की परीक्षाएं फरवरी व मार्च.2024 में आयोजित करवाई जानी हैं। इन परीक्षाओं में अध्यापक, प्राध्यापक व प्रधानाचार्य की ड्यूटी लगाई जानी है। जिसके लिए विद्यालयों द्वारा 31 जनवरी तक स्टाफ स्टेटमैंट का डाटा अपडेट किया जाना है। राजकीय व अराजकीय मान्यता प्राप्त विद्यालय ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उनके विद्यालय में कार्यरत अध्यापक, प्राध्यापक व प्रधानाचार्य की सूची एवं पढ़ाने का माध्यम ;हिन्दी व अंग्रेजीद्ध बोर्ड की आधिकारिक पर दिए गए लिंक पर 11 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक अपलोड करना आवश्यक है।

## बालक से कुकर्म, दो दोषियों को 20-20 साल की कैद

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. चंद्रहास की अदालत ने बालक से कुकर्म करने के जुर्म में दो दोषियों को बीस-बीस साल का कारवास तथा तीस-तीस हजार रुपये जुर्माने सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषियों को दो-दो साल का अतिरिक्त कारवास भुगतना होगा। जुलाना के गांव की एक महिला ने बताया था कि दोपहर बाद गांव का ही नवदीप तथा कमल उर्फ कल्लू उसके नौ वर्षीय बेटे को बहला फुसला कर अपने साथ खेतों में ले गए। जहां पर उसके बेटे के साथ कुकर्म किया। उसका बेटा घर लौटा और उसकी तबीयत बिगड़ गई। दबाव देकर पूछने पर उसके बेटे ने नवदीप तथा कमल की करतूत के बारे में बताया। पुलिस ने शिकायत पर नवदीप तथा कमल के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था।

## फैक्ट्री में सो रहे दो लोगों को कमरे में बंद कर चोरी

**फतेहाबाद।** गांव सनियाना में फैक्ट्री में सो रहे दो लोगों को कमरों में बंद कर चोर हजारों की नगदी व अन्य सामान चोरी कर ले गए।भूना पुलिस को शिकायत में गांव सनियाना निवासी गुरेन्द्र सिंह ने कहा है कि उसकी गांव में फैक्ट्री को शेर सिंह निवासी हांसी ने किराये पर ले रखा है। गत रात्रि शेर सिंह व चौकीदार सुरमुख सिंह सनियाना दोनों फैक्ट्री में सो रहे थे। रात 7-8 लोग फैक्ट्री में घुस गए और शेर सिंह व सुरमुख सिंह दोनों को कमरों में बंद कर दिया। उसके बाद ऑफिस का ताला तोड़कर अलमारी में रखे 85 हजार रुपये व फैक्ट्री में लगे 33 केवी बिजली के ट्रांसफार्मर में से तेल व कॉपर निकालकर चोरी कर ले गए। एक युवक का नाम संदीप बताया गया है।

# नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी भाजपा नेत्री को दो साल की कैद

- सांसद दुग्गल के पूर्व पीए सतपाल बाजीगर को कोर्ट ने किया बरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद सुनीता दुग्गल के पूर्व पीए और वर्तमान में भाजपा किसान मोर्चा के मीडिया प्रभारी सतपाल बाजीगर को धोखाधड़ी के एक माले में साढ़े 6 साल बाद न्याय मिला है। एसीजेएम की अदालत ने इस मामले में भाजपा नेता सतपाल बाजीगर को जहां बरी कर दिया है वहीं इस मामले में फंसी भाजपा महिला मोर्चा ग्रामीण मंडल की पूर्व अध्यक्ष रजनी देवी को एसीजेएम निधि बेनीवाल की अदालत द्वारा 2 साल कैद व 2 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। मामले के अनुसार गांव धांगड़ निवासी राम सिंह ने भाजपा नेता रजनी देवी व सांसद सुनीता दुग्गल के पूर्व पीएम सतपाल बाजीगर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करवाया था। कहा था कि रजनी देवी व सतपाल बाजीगर ने उसके भाई को रोडवेज में नौकरी दिलवाने के नाम पर 3 लाख 60 हजार रुपये की मांग थी। नौकरी दिलवाने की एवज में उसने डेढ लाख रुपये दे दिए थे जबकि बाकी राशि नौकरी लगने के बाद देने की बात हुई थी लेकिन उसके भाई की नौकरी नहीं लगी। इसके बाद जब उसने पैसे वापस मांगे तो पैसे नहीं लौटाए। इस मामले में सतपाल बाजीगर ने शुरू से ही अपने पर लगे आरोपों को झूठा बताया था।



## सोना 63,200 रुपए पर स्थिर चांदी में 450 रुपए की मजबूती

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित बना रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। हालांकि, चांदी की कीमत 450 रुपये की मजबूती के साथ 76,750 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 76,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में मंगलवार को सोने की कीमतें स्थिर रहीं और यह पिछले 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रुख के साथ बंद हुआ।' एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के फरवरी अनुबंध का भाव 261 रुपये बढ़कर 62,356 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

# आने वाले दस सालों में भारत को 6.4 करोड़ नए घरों की होगी जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2023 में भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश का तमगा हासिल कर लिया था। इतनी बड़ी आबादी देश के लिए न सिर्फ एक बड़ी चुनौती है बल्कि यह हमारे लिए बड़ी ताकत भी है। भारत की कुल आबादी जनवरी, 2024 में 142 करोड़ के पार निकल गई है। इतनी बड़ी आबादी के लिए हमें रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मुलभूत चीजों को जुटाने में बड़ी मशक्कत करनी होगी। एक अनुमान के अनुसार देश में मकानों की मांग ज्यादा है और आपूर्ति कम बनी हुई है। एक अनुमान के मुताबिक, आने वाले 10 सालों में देश को लगभग 6.4 करोड़ अतिरिक्त घर बनाने पड़ेंगे।




### 2018 तक भारत में लगभग 2.9 करोड़ मकानों की कमी थी

*क्रेडाई और लाइसिस फोरास द्वारा मकानों की स्थिति पर पेश की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। इसके चलते 2036 तक भारत में अतिरिक्त 6.4 करोड़ मकानों की जरूरत पड़ेगी। रिपोर्ट के अनुसार, 2018 तक भारत में लगभग 2.9 करोड़ मकानों की कमी थी। इसलिए भारत में 2036 तक कुल घरों की मांग लगभग 9.3 करोड़ हो जाएगी। यह रिपोर्ट क्रेडाई ने वाराणसी में आयोजित न्यू इंडिया समिट में डेटा एनालिटिक कंपनी लाइसिस फोरास के साथ मिलकर पेश की।*

### मझोले और छोटे शहरों में बढ़ने वाली है मांग

रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि रियल एस्टेट सेक्टर को छोटे और मझोले शहरों पर अपना फोकस बढ़ा लेना चाहिए। क्रेडाई के अनुमान के मुताबिक, मझोले और छोटे शहर (सेकंड टियर और थर्ड टियर) में रियल एस्टेट की मांग तेजी से बढ़ने वाली है। क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा कि तेजी से बढ़ती आबादी और इकोनॉमी के चलते मकानों की मांग एवं आपूर्ति में इजाफा हुआ है।



### इकोनॉमी को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका

क्रेडाई के चेयरमैन मनोज गौड़ ने बताया कि 2023 रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े सभी पक्षों के लिए उम्मीदों भरा साल रहा। हमें उम्मीद है कि यह मांग 2024 और उसके बाद भी जारी रहेगी। टियर 2 और 3 श्रेणी में आने वाले शहरों में घरों की मांग और निर्माण जोर पकड़ेगा। लाइसिस फोरास के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक पंकज कपूर ने कहा कि भारत का रियल एस्टेट सेक्टर एक अत्यंत महत्वपूर्ण मोड़ पर है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**सूचना**

अतिरिक्त मंडल रेलवे अस्पताल उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप में पूर्ण कालिक आधार पर अनुबंध पर कार्य करने हेतु सामान्य कार्य मेडिकल अधिकारी की नियुक्ति के लिए वाक् इन इंटरव्यू (एक साल के लिए अनुबंध)

| | |
|---|---|
| पद का नाम | पूर्ण कालिक अनुबंध चिकित्सा प्रैक्टिशनर (CMP) नियुक्ति। |
| कुल पदों की संख्या | 01 (सामान्य) |
| स्थान | अतिरिक्त मंडल रेलवे अस्पताल उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप |
| स्थान, दिनांक समय | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप। 23.01.2024 10.30 बजे से 12.30 बजे तक |
| कोटि | सीएमपी |
| मासिक आय | 75,000/- |

अन्य विस्तृत सूचना एवं जानकारी के लिए N.Rly. Website **www.pdisjudw.in** पर देखे।

संख्या: **01-Med/CMPs Drs/JUDW/2024** दिनांक: **09.01.2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 85/24


## वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन से पहले की मुलाकात

# अर्थव्यवस्था को गति देने पीएम मोदी मिले शीर्ष कंपनियों के अधिकारियों से

एजेंसी ▶▶| गांधीनगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दुनिया की प्रमुख कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। उनकी यह मुलाकात 'वाइब्रेंट' गुजरात शिखर सम्मेलन से पहले अर्थव्यवस्था को गति देने तथा रोजगार सृजित करने के लिये विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के इरादे से हुई है। दस जनवरी को शुरू हो रहे 'वाइब्रेंट' गुजरात शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले प्रधानमंत्री ने सुजुकी मोटर कॉर्प, माइक्रोन टेक्नोलॉजी और एपी मोलर के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और उद्योग से जुड़े मुद्दों तथा निवेश अवसरों पर चर्चा की।



### पीएम ने मारुति की योजनाओं पर की चर्चा

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है, ''मोदी और सुजुकी मोटर कॉर्प के प्रतिनिधि निदेशक और अध्यक्ष तोशिहीरो सुजुकी ने भारत में विनिर्मित वाहनों का निर्यात करके देश को वैश्विक वाहन बाजार में एक मजबूत इकाई बनाने की मारुति सुजुकी की योजनाओं पर चर्चा की।

### मारुति गुजरात में लगाएगी दूसरा संयंत्र

*साथ ही दोनों ने वाहनों को कबाड़ में बदलने और वाहन पुनर्चक्रण से संबंधित वैश्विक स्तर की बेहतर गतिविधियों को लागू करने को लेकर भी बातचीत की।'' मारुति सुजुकी गुजरात में कार बनाने का दूसरा कारखाना लगाने पर विचार कर रही है।*

### माइक्रोन के सीईओ से की मुलाकात

प्रधानमंत्री कार्यालय ने लिखा है, ''माइक्रोन टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय मेहरोत्रा ने प्रधानमंत्री मोदी से गांधीनगर में मुलाकात की। उन्होंने भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण परिवेश को बढ़ाने के लिए माइक्रोन के प्रयासों पर चर्चा की।''

### अमेरिकी कंपनी ने चिप संयंत्र का काम शुरू किया

*अमेरिकी चिप बनाने वाली प्रमुख कंपनी माइक्रोन ने अहमदाबाद से लगभग 40 किलोमीटर दूर साणंद में 2.75 अरब डॉलर के सेमीकंडक्टर कारखाने का निर्माण शुरू कर दिया है। कारखाने के इस साल दिसंबर तक तैयार होने की उम्मीद है।*

### पीएम डीपीवर्ल्ड के सीईओ सुलायेम से मिले

*प्रधानमंत्री ने डीपी वर्ल्ड के समूह चेयरमैन और सीईओ अहमद बिन सुलायेम से भी मुलाकात की। उन्होंने भारत में निवेश को आगे बढ़ाने के लिए डीपी वर्ल्ड की योजनाओं पर चर्चा की। विशेष रूप से टिकाऊ, हरित और ऊर्जा दक्ष बंदरगाहों और विश्वस्तरीय पर्यावरण अनुकूल लॉजिस्टिक बुनियादी ढांचे के निर्माण से संबंधित मामलों पर चर्चा हुई।*

### मोलर के सीईओ स्वेंडसेन से मलाकात

*दुबई की लॉजिस्टिक कंपनी वर्तमान में भारत में पांच कंटेनर टर्मिनल का परिचालन करती है। इसमें से दो मुंबई में, एक-एक मुंद्रा, कोचीन और चेन्नई में हैं। इनकी कुल क्षमता लगभग 60 लाख टीईयू है। मोदी ने एपी मोलर के सीईओ कीथ स्वेंडसेन से भी मुलाकात की।*

### सम्मेलन 10-12 जनवरी तक

*'वाइब्रेंट' गुजरात शिखर सम्मेलन का आयोजन 10-12 जनवरी को होगा। इसमें 133 देशों के 1,00,000 प्रतिनिधियों के आने की उम्मीद है। इनमें कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उद्योगपति, मंत्री और राजनयिक शामिल हैं।*


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## शेयर बाजार ने ज्यादातर शुरुआती लाभ गंवाया

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को मामूली तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 31 अंक की बढ़त में रहा। सेंसेक्स शुरू में अच्छी बढ़त के साथ खुला लेकिन कारोबार की समाप्ति से पहले बिकवाली के चलते इसका लाभ सिमट गया। कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा निवेशकों ने कंपनियों के तिमाही परिणाम और इस सप्ताह मुद्रास्फीति तथा अन्य महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े आने से पहले मुनाफावसूली को तरजीह दी। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरू में तेजी से चढ़ा। अंत में यह 30.99 अंक की मामूली बढ़त के साथ 71,386.21 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 680.25 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी कारोबार के अंत में 31.85 अंक की हल्की बढ़त के साथ 21,544.85 अंक पर बंद हुआ।

## भारत टेक्स एक्सपो में भाग लेंगे 3,500 से अधिक प्रदर्शक

**नई दिल्ली।** देश में 26-29 फरवरी के दौरान आयोजित होने वाला एक वैश्विक कपड़ा एक्सपो- 'भारत टेक्स 2024' में 3,500 से अधिक प्रदर्शकों और 3,000 से अधिक विदेशी खरीदारों के भाग लेने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कपड़ा मंत्रालय में सचिव रचना शाह ने कहा कि एक्सपो में सरकार और उद्योग प्रतिनिधियों सहित कपड़ा मूल्य श्रृंखला के अंशधारकों के एक साथ आने की उम्मीद है।यह आयोजन भारत को खुद को वैश्विक सोर्सिंग और निवेश गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। शाह ने कहा, 'हमें भारत टेक्स एक्सपो में देश और विदेश से 3,500 से अधिक प्रदर्शकों, 3,000 से अधिक विदेशी खरीदारों और 40,000 व्यापारिक आगंतुकों के साथ-साथ नीति निर्माताओं, भारत और विदेश के सरकारी प्रतिनिधियों, उद्योग और खरीदारों की भागीदारी की उम्मीद है।'

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।



## रेलवे बोर्ड की सचिव बनी अरुणा नायर

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड में अतिरिक्त सदस्य अरुणा नायर को बोर्ड में सचिव नियुक्त किया गया है। नायर के साथ सीमा कुमार ने सदस्य संचालन और व्यवसाय विकास और सतीश कुमार ने सदस्य ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक ने रेलवे बोर्ड में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा की अधिकारी और लेवल-16 पैनल में शामिल आईआरएमएस अधिकारी अरुणा नायर को मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने रेलवे बोर्ड के सचिव के रूप में नियुक्ति की मंजूरी दी है। 1987 बैच की भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा आईआरपीएस अधिकारी अरुणा इससे पहले रेलवे बोर्ड में अतिरिक्त सदस्य स्टाफ के रूप में कार्य कर रही थी। अरुणा नायर को रेलवे के विभिन्न पदों का व्यापक अनुभव है और उन्होंने पूर्वी रेलवे में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, मेट्रो रेलवे/कोलकाता में उप सीपीओए दक्षिण रेलवे में पीसीपीओ तथा रेलवे भर्ती बोर्ड चेन्नई, चेन्नई व पालघाट के रेलवे डिवीजनों तथा तिरुचिरापल्ली में गोल्डन रॉक वर्कशॉप व डिवीजन में अन्य पदों पर काम किया है।

## सरकारों, विश्व बैंक के पास 'खजाना' नहीं : बंगा

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियों से निपटने के लिए निजी क्षेत्र के निवेश पर अड़चनों को हटाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसका कारण यह है कि न तो सरकारों के पास और नहीं बहुपक्षीय संस्थानों के पास धन का खजाना है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की अगले सप्ताह शुरू हो रही सालाना बैठक से पहले डब्ल्यूईएफ के संस्थापक और कार्यकारी चेयरमैन क्लॉस श्वाब के साथ बातचीत (पोडकास्ट) में बंगा ने कहा कि दुनिया के समक्ष तात्कालिक चुनौतियां गाजा और यूक्रेन में संघर्ष है।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA LPK 2518 HD FULLY BUILT TIPPER HR69D0927- YOM- 2018 DAGAR ENTERPRISES RESERVE PRICE 1247366/-

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 24.1.2023 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOUD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS: FIRST FLOOR, PLOT NO 406 TO 408 /28, ROOPALAY COMPLEX, D PARK, MODEL TOWN, ROHTAK 124001 OR CONTACT : MR. ASHOK KUMAR KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. +91-8588863677 EMAIL Ashokr.Kumar@kotak.com



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी सिरसा | सिरसा जिले में एमसी ऐलनाबाद ग्रुप-12 (आईडी-2216, 2219 और 2246) में विभिन्न सम्पर्क सड़कों की विशेष मरम्मत, कार्य योजना 2023-24 + 4 कार्य। | 04.01.2024 18.01.2024 | 3.17 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416178720 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24051/I/88/6 दि. 09.01.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | प्रस्तावित 33 केवी सब स्टेशन सेक्टर-25, रोहतक की फीडिंग हेतु 132 केवी सब स्टेशन गरनावठी में 1 अदद 33 केवी लाइन बे की रचना (सिविल वर्क्स केवल)। | 08.01.2024 16.01.2024 | 2.91 लाख | www.hvpn.org.in | 1722583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24050/I/88/6 दि. 09.01.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | सब यार्ड धनौरी एमसी नरवाना, जिला जीन्द में जीवी शीट्स सहित मौजूदा सीजीआई शीट का प्रावधान व बदलना तथा नये कवर्ड शैड (7 बेज 24 मीटर स्पैन) का निर्माण (सीएम घोषणा कोड 27459, दि. 23.04.2023) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.01.2024 | 1.19 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01681-252003 eejind37.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24048/I/88/6 दि. 09.01.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | ढाणी बंधा वाली वार्ड नं. 1 में गुगन सुबेदार के मकान से रजनीश तक रोड का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.01.2024 | 10.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996613540 secy-NangalC@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24038/I/88/6 दि. 09.01.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन झज्जर में यू सी फेंसिंग की मरम्मत और रखरखाव। | 05.01.2024 12.01.2024 | 11.22 लाख | www.hvpn.org.in | 1722583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | (2×100 एमवीए) 220/132 केवी जमा (1×100 एमवीए) 220/33 केवी ट्रांसफॉर्मर्स से 2×100 एमवीए 220/132 केवी जमा 2×100 एमवीए 220/33 केवी टी/एफ तक 220 केवी सब स्टेशन मेहनाखेड़ा का संवर्धन। | 04.01.2024 11.01.2024 | 36.26 लाख | www.hvpn.org.in | 1722583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24035/I/88/6 दि. 09.01.24


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी रोहतक में सेक्टर-33-बी फेज-II में न्यूली कार्व्ड आउट पॉकेट्स में अवसंरचना सुविधाओं का विकास। | 10.01.2024 31.01.2024 | 1879.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | -9468254098 (ia.rohtak@hsiidc.org.in) |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24034/I/88/6 दि. 09.01.24


## शब्द पहेली - 5390



**बाएँ से दाएँ**

1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**

2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

**शब्द पहेली- 5389 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सो | नि | या | गां | धी | | म | हा | न | ता |
| खा | ना | | प | | र | क्ष | क | | म | ल |
| ना | | म | न | सि | ज | | र | ग | | मे |
| ब | ला | त | | | वा | दा | | म | ह | ल |
| दो | | दा | | क | ला | | आ | | व | |
| श | य | न | क | क्ष | | दि | शा | ही | न | ता |
| | म | | प | | ह | ल | | न | | क |
| का | ज | ल | | शा | म | | | त | ह | त |
| म | | त | य | | व | फा | दा | र | | व |
| चो | र | | की | म | त | | म | | का | र |
| र | म | जा | न | | न | य | न | ज | ल | |

## सूडोकु नवताल- 5400

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5399 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

# मंजूषा, विनीत, कविथा को जीवनपर्यंत ध्यानचंद पुरस्कार, 5 खेलों के कोच को द्रोणाचार्य अवार्ड


मंजूषा कंवर


विनीत कुमार शर्मा


कविथा सलवाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वर्ष 2023 में खेल मैदान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस बार ध्यानचंद पुरस्कार जीवनपर्यंत 3 खिलाड़ियों को दिया गया।

इन खिलाड़ियों में पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर, पूर्व हॉकी खिलाड़ी विनीत कुमार शर्मा तथा पूर्व कबड्डी खिलाड़ी कविथा सलवाराज शामिल हैं। इस वर्ष द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेताओं में शतरंज कोच आरबी रमेश भी शामिल हैं जिन्होंने प्रज्ञानानंदा को तैयार किया है। बता दें कि खेल रत्न विजेताओं को 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है जबकि अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार में 15 लाख रुपये का नकद पुरस्कार शामिल है।

### द्रोणाचार्य पुरस्कार

ललित कुमार (कुश्ती), आरबी रमेश (शतरंज), महावीर प्रसाद सैनी (पैरा एथलेटिक्स), शिवेंद्र सिंह (हॉकी) और गणेश प्रभाकर देवरुखकर (मल्लखंब) को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिला। ये पुरस्कार उन कोचों को दिया जाता है जिन्होंने अपना जीवन एथलीटों को प्रशिक्षित करने के लिए समर्पित कर दिया।



### इन खिलाड़ियों को मिला ध्यानचंद पुरस्कार

इस बार ध्यानचंद पुरस्कार जीवनपर्यंत 3 खिलाड़ियों को दिया गया। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर ने 1998 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2004 में पाकिस्तान में आयोजित दक्षिण एशियाई खेलों में पदक जीता था। पूर्व हॉकी खिलाड़ी विनीत कुमार शर्मा ने एशियाई खेलों में रजत और कांस्य पदक जीता था। वह ओलंपिक में भी हिस्सा ले चुके हैं। पूर्व कबड्डी खिलाड़ी कविथा सलवाराज ने 2010 में एशियाई खेलों और एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप में कई पदक जीते हैं।

### अर्जुन पुरस्कार

ओजस प्रवीण देवताले (तीरंदाजी), अदिति गोपीचंद स्वामी (तीरंदाजी), मुरली श्रीशंकर (एथलेटिक्स), पारुल चौधरी (एथलेटिक्स), मोहम्मद हुसामुद्दीन (मुक्केबाजी), आर वैशाली (शतरंज), अनुश अग्रवाल (घुड़सवारी), दिव्यकृति सिंह (घुड़सवारी ड्रेसेज), दीक्षा डागर (गोल्फ), कृष्ण बहादुर पाठक (हॉकी), सुशीला चानू (हॉकी), पवन कुमार (कबड्डी), रितु नेगी (कबड्डी), नसरीन (खो-खो), पिंकी (लॉन बाउल्स), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (शूटिंग), ईशा सिंह (शूटिंग), हरिंदर पाल सिंह संधू (स्क्वैश), अयहिका मुखर्जी (टेबल टेनिस), सुनील कुमार (कुश्ती)। अंतिम पंघाल (कुश्ती), नाओरेम रोशिबिना देवी (वुशु), शीतल देवी (पैरा तीरंदाजी), इलूरी अजय कुमार रेड्डी (ब्लाइंड क्रिकेट) और प्राची यादव (पैरा कैनोइंग)।

### एमएकेए ट्रॉफी मिली इन विश्वविद्यालयों को

मौलाना अबुल कलाम आजाद (एमएकेए) ट्रॉफी 2023: गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर (समग्र विजेता विश्वविद्यालय), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब (प्रथम रनर अप), कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र (द्वितीय रनर अप)।

### समारोह में शामिल नहीं हो पाए चिराग और रंकीरेड्डी

बैडमिंटन खिलाड़ियों चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को 2023 में शानदार प्रदर्शन के लिए मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया था। वर्तमान में मलेशिया ओपन सुपर 1000 में खेलने के कारण यह जोड़ी समारोह में शामिल नहीं हो पाई। बता दें कि इस जोड़ी ने 2023 में एशियाई खेलों में अपना और बैडमिंटन में देश का पहला स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा एशियाई चैंपियनशिप और इंडोनेशिया ओपन का खिताब भी जीता।

### 26 खिलाड़ी और पैरा खिलाड़ी भी हुए सम्मानित

राष्ट्रपति भवन में 26 खिलाड़ियों और पैरा खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हांगझू एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली शीतल के फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ स्थिति के कारण दोनों हाथ नहीं हैं। वह दोनों हाथों के बिना तीरंदाजी करने वाली पहली अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं। टखने की चोट से उबर रहे शमी सम्मान हासिल करने के लिए समारोह में मौजूद थे।

### देश की तीसरी ग्रैंडमास्टर वैशाली भी सम्मानित

हाल में शतरंज ग्रैंडमास्टर बनीं आर वैशाली को भी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह स्टार ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद की बड़ी बहन हैं। कोनेरू हम्पी और द्रोणावल्ली हरिका के बाद ग्रैंडमास्टर बनने वाली वैशाली देश की तीसरी महिला खिलाड़ी हैं।

### ईशा सिंह भी नहीं पहुंच पाईं समारोह में

युवा स्टार पिस्टल निशानेबाज 19 वर्षीय ईशा सिंह भी जकार्ता में एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर में हिस्सा लेने के कारण समारोह के लिए नहीं पहुंच पाईं। उन्होंने सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया।

## खबर संक्षेप



### ऑकलैंड में पहले दौर में हारे बतिस्ता, शापोवालोव

**ऑकलैंड।** दो बार के चैंपियन रॉबर्टो बतिस्ता आगुत को मंगलवार को यहां एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में स्पेन के अपने हमवतन रॉबर्टो कारबालेस बेइना के खिलाफ सीधे सेट में शिकस्त का सामना करना पड़ा।
कारबालेस ने 2016 और 2018 के चैंपियन बतिस्ता आगुत को 6-4, 6-3 से हराया। दुनिया के 10वें नंबर के पूर्व खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव भी पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। उन्हें ऑस्ट्रिया के सबेस्टियन ओफनर के खिलाफ 6-4, 6-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। शापोवालोव पिछले साल जुलाई में विंबलडन के चौथे दौर में हार के बाद पहला प्रतिस्पर्धी मुकाबला खेल रहे थे। उनके घुटने में गंभीर चोट लगी थी। बतिस्ता आगुत जुलाई 2023 में घुड़सवारी करते हुए चोटिल हो गए थे। उन्होंने अक्टूबर में वापसी करते हुए नवंबर में वैलेंसिया में फाइनल और पिछले हफ्ते हांगकांग में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।

### क्रिस्टी को हराकर दूसरे दौर में पहुंचा श्रीकांत



**कुआलालंपुर।** भारत के किदांबी श्रीकांत ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को कड़े मुकाबले में हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। आंध्र प्रदेश के गुंटूर के 30 साल के श्रीकांत ने एक घंटा और पांच मिनट चले पहले दौर के मुकाबले में छठे वरीय क्रिस्टी को 12-21 21-18 21-16 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत अगले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से भिड़ेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत आम तौर पर तीन गेम के मुकाबले के दबाव को झेलने में नाकाम रहे हैं लेकिन मंगलवार को पहला गेम गंवाने के बावजूद उन्होंने धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। इंडोनेशिया के खिलाड़ी के खिलाफ श्रीकांत ने कुछ बेहतरीन मैच खेले हैं। उन्होंने क्रिस्टी के खिलाफ 11 में से छह मुकाबलों में जीत दर्ज की है।

# भारत और अफगानिस्तान के बीच पहली बार तीन मैचों की टी-20 सीरीज कल से

**दोनों देशों के बीच अब तक नहीं खेली गई वनडे और टी20 में कोई भी सीरीज**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के बीच 11 जनवरी से 3 मैचों की टी-20 सीरीज खेली जानी है। विश्व कप से पहले भारतीय टीम की आखिरी टी-20 सीरीज होगी। अफगानिस्तान और भारत के बीच टी-20 क्रिकेट के इतिहास में पहली बार कोई द्विपक्षीय सीरीज खेली जा रही है। बता दें कि दोनों देशों के बीच अब तक वनडे और टी20 में कोई भी सीरीज नहीं खेली गई है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच यह पहली टी20 सीरीज होने वाली है। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार खिलाड़ी 14 महीने बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी भी कर रहे हैं। सभी मैच शाम 7 बजे शुरू होंगे।

### अफगानिस्तान की टी-20 टीम

टी-20 सीरीज के लिए अफगानिस्तान ने 19 सदस्यीय टीम का चुनाव किया है। इब्राहिम जादरान टीम के कप्तान हैं। अफगानिस्तान की टीमः इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनात, अजमुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ , मुजीब उर रहमान, फजल हक फारूकी, फरीद अहमद, नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदीन नायब और राशिद खान।

### ऐसी रहेगी रोहित शर्मा की ब्रिगेड

लगभग 1 साल के बाद एक बार फिर रोहित शर्मा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वह टी-20 विश्व कप में भी भारतीय टीम के कप्तान हो सकते हैं। भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।




### भारत-अफगानिस्तान टी20 सीरीज का शेड्यूल

पहला टी20: 11 जनवरी, मोहाली, शाम 7 बजे से
दूसरा टी20: 14 जनवरी, इंदौर, शाम 7 बजे से
तीसरा टी20: 17 जनवरी, बेंगलुरु, शाम 7 बजे से

### दोनों टीमों के बीच सिर्फ एक टेस्ट सीरीज हुई

दरअसल, भारत और अफगानिस्तान के बीच अब तक सिर्फ एक ही इंटरनेशनल द्विपक्षीय सीरीज खेली गई है। यह टेस्ट सीरीज थी, जो जून 2018 में हुई थी। तब उस द्विपक्षीय सीरीज के तहत सिर्फ एक ही टेस्ट मैच खेला गया था, जिसमें भारतीय टीम ने पारी और 262 रनों के अंतर से जीत दर्ज की थी।

### अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा रहा है भारी

*भारत और अफगानिस्तान के बीच टी-20 क्रिकेट में सिर्फ 5 मैच खेले गए हैं। 4 मैच में भारतीय टीम को जीत मिली है और 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। अफगानिस्तान एक भी टी-20 मैच भारत के खिलाफ नहीं जीत पाई है।*

### कोहली हैं इकलौते शतकवीर

*भारत और अफगानिस्तान के बीच टी-20 मैचों में शतक लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज कोहली हैं। उन्होंने सितंबर 2022 में एशिया कप मुकाबले में 61 गेंदों में नाबाद 122 रन की पारी खेली थी। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का इकलौता शतक है।*

### मनीष और सिद्धार्थ आईटीएफ मांड्या ओपन के प्री-क्वार्टरफाइनल में

**मांड्या।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी मनीष गणेश और सिद्धार्थ विश्वकर्मा आसान जीत के साथ मंगलवार को यहां आईटीएफ मांड्या ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। गणेश ने नीरज यशपाल को 6-1, 6-1 से हराया जबकि विश्वकर्मा ने आदिल कल्याणपुर को 6-3, 6-1 से शिकस्त दी। स्थानीय खिलाड़ी एसडी प्रज्वल देव को हालांकि पुरुष युगल में निराशा का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले डेविस कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाले देव और उनके जोड़ीदार नितिन कुमार सिन्हा अंतिम 16 में नहीं पहुंच सके। भारत के करण सिंह और कोरिया के वूबीन सिन की जोड़ी प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी।

## रुद्रांक्ष और मेहुली ने भारत के लिए जीता पांचवां स्वर्ण पदक



एजेंसी ⏭ जकार्ता

रुद्रांक्ष पाटिल और मेहुली घोष की जोड़ी ने मंगलवार को यहां 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा जीतकर भारत को निशानेबाजी एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पांचवां स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में शेन युफान और झू मिंगशुआई की चीन की जोड़ी को 16-10 से हराया। रुद्रांक्ष और मेहुली की जोड़ी क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रही थी। युफान और मिंगशुआई ने 632.3 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। इन दोनों के क्वालीफाई करने के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारतीय निशानेबाजों की संख्या 15 हो गई है जो तोक्यो खेलों में देश के सबसे बड़े निशानेबाजी दल की बराबरी है।

## आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ: कमिंस, दीप्ति, जेमिमा सहित ये खिलाड़ी हुए नामांकित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस को इंटरनेशनल क्रिकेट कॉउंसिल ने दिसंबर महीने के 'प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार के लिए नामांकित किया है। उनके अलावा न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के ग्लेन फिलिप्स और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तैजुल इस्लाम भी इस सम्मान के लिए नामित होने वाले अन्य पुरुष खिलाड़ी हैं। भारतीय खिलाड़ियों में महिला टीम की दीप्ति शर्मा व जेमिमा रोड्रिग्ज को भी चुना गया है। बता दें कि इन खिलाड़ियों ने पिछले महीने कमाल का प्रदर्शन किया था।




### दीप्ति-जेमिमा, मिरांज रहीं सर्वश्रेष्ठ

महिलाओं में भारत की दीप्ति शर्मा और जेमिमा रोड्रिगेज नामित हुई हैं। उनके अलावा जिम्बाब्वे की प्रेशियस मरांज नामांकित होने वाली तीसरी खिलाड़ी रहीं। दीप्ति ने इंग्लैंड के विरुद्ध 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 11 विकेट लिए थे। 55 की औसत से उनके बल्ले से 165 रन निकले थे। जेमिमा ने डेब्यू करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी उन्होंने 73 रन बनाए थे। मरांज ने विश्व कप क्वालीफायर में 13 विकेट लिए थे।

### दिसंबर में कमाल का था कमिंस का प्रदर्शन?

*कमिंस के लिए दिसंबर 2023 कमाल का रहा था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 250 विकेट पूरे किए थे। 26 दिसंबर से शुरू हुए मेलबर्न टेस्ट में इस खिलाड़ी ने दोनों पारियों में 5 विकेट हॉल लिए थे। पहली पारी में उन्होंने 48 रन देकर 5 विकेट झटके थे और दूसरी पारी में उन्होंने 49 रन देकर 5 विकेट लिए थे। पर्थ टेस्ट में इस खिलाड़ी के नाम दोनों पारियों को मिलाकर 3 विकेट थे।*

**कप्तान एलिसा हीली ने खेली 55 रन की आक्रामक पारी**

# भारत को 5 विकेट से हरा, ऑस्ट्रेलिया का टी20 सीरीज पर कब्जा

भाषा ⏭ नवी मुंबई

कप्तान एलिसा हीली की 55 रन की आक्रामक पारी से ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने तीन मैचों की टी20 अंतराष्ट्रीय श्रृंखला के निर्णायक मुकाबले में आठ गेंद शेष रहते भारत को सात विकेट से शिकस्त दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 147 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया ने में 18.4 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर तीन मैचों की श्रृंखला को 2-1 से जीत लिया। अपना 150वां टी20 अंतराष्ट्रीय खेल रही हीली ने 38 गेंद में नौ चौके और एक छक्का की मदद से 55 रन बनाने के साथ




पहले विकेट के लिए बेथ मूनी (48 गेंद में नाबाद 52) के साथ 60 गेंद में 85 रन की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी। ऑस्ट्रेलिया के लिए ताहलिया मैकग्रा (20) और फोएबे लिचफील्ड (नाबाद 17) ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया। भारत के लिए पूजा वस्त्राकर दो और दीप्ति शर्मा एक विकेट चटकाने में सफल रही। भारत के लिए शेफाली वर्मा (17 गेंद में 26 रन) की आक्रामक शुरुआत के बाद स्मृति मंधाना (28 गेंद में 29 रन) और विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष (28 गेंद में 34 रन) की सूझबूझ भरी बल्लेबाजी की। आखिरी ओवरों में अमनजोत कौर (14 गेंद में नाबाद 17) और पूजा वस्त्राकर (दो गेंद में सात रन) ने बाउंड्री लगाकर भारत को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

### एनाबेल सदरलैंड की एक बार फिर किफायती गेंदबाजी

ऑस्ट्रेलिया के लिए करते हुए चार ओवर में महज 12 रन देकर दो विकेट झटके। जॉर्जिया वेयरहैम को भी दो सफलता मिली जबकि मेगन शुट्ट और एशले गार्डनर ने एक-एक विकेट चटकाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए हीली और मूनी की अनुभवी जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलायी। हीली ने चौथे ओवर में टिटास साधू के खिलाफ तीन चौके जड़ने के बाद रेणुका सिंह के खिलाफ पांचवे ओवर में छक्का और दो चौके लगाये। पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 54 रन बना लिये। पूजा वस्त्राकर की गेंद पर जेमिमा रोड्रिग्स ने हीली का शानदार कैच लपका लेकिन तीसरे अंपायर ने रीप्ले में साफ नहीं दिखाई देने पर उन्हें नॉट आउट करार दिया। उन्होंने नौवें ओवर में इस गेंदबाज के खिलाफ दो चौके जड़कर 35 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। दीप्ति शर्मा ने अगले ओवर में उन्हें पगबाधा कर भारत को पहली सफलता दिलायी। एक छोर से संभल कर बल्लेबाजी कर रही बेथ मूनी को मैकग्रा (20) का अच्छा साथ मिला। मूनी ने 13वें ओवर में श्रेयंका पाटिल पर चौका लगाकर टीम के रनों का शतक पूरा किया। मैकग्रा ने अगले ओवर में दीप्ति के खिलाफ दो चौके जड़ दिये।

# इंग्लैंड टीम अपना बावर्ची लेकर आएगी भारत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंग्लैंड की टीम जनवरी के अंत में भारत का दौरा करने वाली है, जहां दोनों टीमों के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस ऐतिहासिक दौरे का आगाज 25 जनवरी से होगा। सीरीज का पहला टेस्ट हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत दौरे पर इंग्लैंड की टीम खास तैयारियों के साथ आने वाली है। खिलाड़ियों के खान-पान का ध्यान रखते हुए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने टीम के साथ एक विशेष शेफ (बावर्ची) भेजने का ऐलान किया है।

### पाकिस्तान दौरे से ईसीबी ने लिया सबक

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि खानपान का ध्यान रखने के लिए मैनचेस्टर यूनाइटेड के मशहूर शेफ ओमार मेजिने को इंग्लैंड टीम का पर्सनल शेफ नियुक्त किया है। ईसीबी ने कहा कि 2022 में पाकिस्तान के दौरे में इंग्लैंड की टीम को खराब खाना मिला था, जिससे कई अंग्रेज खिलाड़ी बीमार तक हो गए थे। ईसीबी का मानना है कि भारत में अधिक मसाले का खाना ज्यादा बनता है। इससे भी हमारे खिलाड़ियों को दिक्कत हो सकती है। टीम के साथ शेफ भेजने से यह फायदा होगा कि खिलाड़ी अब ज्यादा नहीं सोचेंगे कि क्या खाया जाएगा और क्या नहीं खाया जाए। ईसीबी ने तय किया है कि अब हर दौरे पर खिलाड़ियों के साथ एक विशेष बावर्ची भेजा जाएगा जो खिलाड़ियों को पौष्टिक खाना बनाकर देगा।

## चिंतन

# गोवा की वारदात से ममता लज्जित, मानवता शर्मसार

गोवा की वारदात से देश सन्न है, मानवता शर्मसार है, ममता लज्जित है। एक चार साल के मासूम की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसे 9 महीने कोख में रखकर जन्म देने वाली उसकी अपनी मां ने ही कर दी। यूं तो यह पहली बार नहीं है कि किसी मां ने अपनी संतान की हत्या की हो। देश में अनेक ऐसी घटनाएं अतीत में हुई हैं, जिसमें एक मां ने अपने कलेजे के टुकड़े को मौत के घाट उतार दिया। चाहे गृह कलह में, चाहे गरीबी से तंग आकर, या भविष्य के डर से। देश में अनब्याही मां द्वारा नवजात की हत्या या नवजात का त्याग या भ्रूण हत्या की अनेक घटनाएं घटित हुई हैं, लेकिन एक उच्च शिक्षित, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर महिला द्वारा अपनी इकलौती स्वस्थ संतान की हत्या का मामला विरले में से एक है। गोवा के एक होटल के बंद कमरे में रिश्तों का कत्ल हुआ। जिस महिला ने इस कत्ल को अंजाम दिया है, वह एक कंपनी की सीईओ है, हार्वर्ड रिसर्च फेलो है, उनका नाम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)I एथिक्स में 100 बेहतरीन महिलाओं में रह चुकी है। ऐसी महिला का अपनी ममता का कत्ल कर हैवान बनना मानवता व समाज की सभी शिक्षा को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। पुलिस की ओर से बताया जा रहा है कि पिता से बच्चा न मिल सके इसलिए मां ने अपने बेटे का ही कत्ल कर दिया। महिला का पति के साथ तलाक का मामला चल रहा था। पिता इंडोनेशिया में हैं। दोनों की 2010 में शादी हुई थी। महिला ने 2019 में बेटे को जन्म दिया था। पति के साथ हुए विवाद के बाद 2020 में अदालत ने फैसला सुनाया था कि बच्चे का पिता उससे हर रविवार को मुलाकात कर सकता है। यह फैसला महिला को नागवार गुजर रहा था, वह खुश नहीं थी। महिला अपने बेटे को पति से नहीं मिलने देना चाहती थी। अभी पिता बेटे से मिलने भारत आने वाले थे, इससे पहले ही मां ने बेटे को पिता से सदा के लिए जुदा कर दिया। क्या हमारी सामाजिक व शैक्षिक व्यवस्था एक बेहतर इंसान तैयार नहीं कर रही है या मशीनीकरण ने हमें एक इमोशनलेस रोबोट बना दिया है। क्या एआई ने लॉगरिद्म ने महिला के दिमाग के न्यूरान्स को इस कदर प्रभावित किया कि वह भी रोबोट जैसी संवेदनहीन हो गई। प्रकृति का प्रताप देखिए कि मासूम बेटे के खून ने ही इस हत्या का सुराग दिया। यह खून ही बोला कि 'मां कातिल है'! बेरहमी से हत्या करने के बाद आरोपी महिला ने उसका शव बैग में भर लिया था व उसे लेकर बेंगलुरु जा रही थी। अभी इस हत्या की बहुत सी परतों का खुलना अभी बाकी है। इसमें से एक यह भी सवाल है कि एक मां को क्यों लगा कि उसे अपने बेटे की हत्या करनी होगी। क्या नफरत से इतनी भरी थी कि पिता से बेटे को मिलने नहीं देना चाहती थी? कहते हैं जब बच्चा मां के गर्भ में आता है तो मां उसी वक्त से उससे जुड़ने लगती है। दुनिया के लिए वो भ्रूण होता है लेकिन उस मां के लिए वो उसका बच्चा होता है। जब मां को बच्चे की पहली हार्ट बीट सुनाई देती है तो वो उससे इस कदर जुड़ जाती है कि उसमें ही अपनी दुनिया ढूंढती है। ऐसे में हैरान करने वाली बात है कि आखिर एक मां अपने बेटे की हत्या जैसी जघन्य नृशंस वारदात को कैसे अंजाम दे सकी? कानों को यकीन नहीं हो रहा, दिल नहीं मान रहा, कि मां भी कातिल हो सकती है। इस मां को अदालत सजा देगी ही, लेकिन उसने एक मां की कोख को, संतान के विश्वास को शर्मसार किया है।



दिवस विशेष
डॉ. ऐश्वर्या झा

# विश्व में बढ़ रहा हिन्दी का वर्चस्व

**आज वैश्विक फलक पर हिन्दी तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा, दर्जन से अधिक देशों के बहुसंख्यक समाज की प्रमुख भाषा, आधे दर्जन देशों में संवैधानिक दर्जा प्राप्त अल्पसंख्यक भाषा, इंटरनेट पर सबसे तेज़ गति से प्रसार करने वाली भाषा, संयुक्त राष्ट्र के संचार माध्यम में उपयोग होने 7 भाषाओं में से एक, 175 से अधिक विदेशी विश्वविद्यालय में पढ़ाई जाने वाली भाषा बन चुकी है। कुछ महीने पूर्व, लोकसभा में पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के प्रश्न के उत्तर में विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने कहा था कि हाल के वर्षों में भारत सरकार ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार को उच्च प्राथमिकता दी है। हिन्दी पहले से ही यूनेस्को की नौ कामकाजी भाषाओं में से एक है।**

10 जनवरी 1949 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहली बार हिन्दी बोली गई थी। 25 वर्ष बाद, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी को बढ़ावा देने एवं वैश्विक स्तर पर हिन्दी के प्रति जागरूकता लाने के लिए, आज के ही दिन 10 जनवरी, 1975 को नागपुर में प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन आयोजित किया गया था। भारत सरकार ने वर्ष 2006 से प्रति वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन आयोजित होने के पांच दशक बाद, आज वैश्विक फलक पर हिन्दी तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा, दर्जन से अधिक देशों के बहुसंख्यक समाज की प्रमुख भाषा, आधे दर्जन देशों में संवैधानिक दर्जा प्राप्त अल्पसंख्यक भाषा, इंटरनेट पर सबसे तेज़ गति से प्रसार करने वाली भाषा, संयुक्त राष्ट्र के संचार माध्यम में उपयोग होने 7 भाषाओं में से एक, 175 से अधिक विदेशी विश्वविद्यालय में पढ़ाई जाने वाली भाषा बन चुकी है। 'भाषा बहता नीर' के सिद्धांत का पालन करते हुए हिन्दी तमाम अवरोधों, बाधाओं को पार करते हुए आज अपनी विकास यात्रा में देश एवं 'परदेस' की चारों दिशाओं में बढ़ा रही है।

वर्ल्ड लैंग्वेज डेटाबेस 2023 के 26वें संस्करण 'इथोनोलॉज' के अनुसार दुनिया में 7,168 जीवित भाषाओं में सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में पहला स्थान अंग्रेज़ी (113.2 करोड़), दूसरे नंबर पर चीन में बोली जाने वाली मैंड्रेन भाषा (111.7 करोड़ ) एवं तीसरा स्थान हिन्दी (करीब 61.5 करोड़) का हैं। इथोनोलॉज के मुताबिक, दुनिया भर की 20 सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में 6 भारतीय भाषाएं शामिल हैं। भूमंडलीकरण और सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति ने हिन्दी को मात्र भारत की सीमाओं तक ही बाँध कर या सीमित नहीं रखा है, बल्कि तकनीक ने इसे और अधिक विस्तार दिया है। इसमें इंटरनेट और सूचना क्रांति विशेषकर मोबाइल फ़ोन ने हिन्दी को तकनीकी भाषा बनाने में सहायता की है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी राजनीति का शिकार हुई है, पर व्यवधानों को पार कर उसकी व्यापकता,लोकप्रियता में निरंतर वृद्धि हो रही है। 21वीं सदी की हिन्दी न सिर्फ साहित्य, शिक्षा, मनोरंजन, विज्ञापन की भाषा है, बल्कि विज्ञान, तकनीक एवं रोज़गार की अनंत संभावनाओं से भरी हुई भाषा भी है।

विगत कुछ दशकों में भारत सरकार देश एवं विदेश में हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। राजभाषा विभाग ने हिन्दी के विकास के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर हिन्दी सीखने के लिए एक मल्टीमीडिया आधारित बुद्धिमान स्व-ट्यूटरिंग एप्लिकेशन - लीला-राजभाषा (लर्न इंडियन लैंग्वेज्स थ्रू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), ई-सरल हिन्दी वाक्य कोष और ई-महाशब्दकोश मोबाइल ऐप सरीखे प्रशंसनीय कार्य किया हैं। कुछ महीने पूर्व, लोकसभा में देश के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के अतारांकित प्रश्न के उत्तर में विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने संसद में यह दावा किया कि हाल के वर्षों में भारत सरकार ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार को उच्च प्राथमिकता दी




है। हिन्दी पहले से ही यूनेस्को की नौ कामकाजी भाषाओं में से एक है। वर्ष 2018 से संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र और भारत सरकार के बीच एक स्वैच्छिक वित्तीय योगदान संबंधी करार पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस करार के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र ने फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र समाचार की एक हिन्दी वेबसाइट पर हिन्दी सोशल मीडिया अकाउंट शुरू किया। इसके साथ साथ अपने कार्यक्रमों को यूएन रेडियो वेबसाइट पर हिन्दी में प्रसारित एवं साउंड क्लाउड पर एक साप्ताहिक हिन्दी समाचार बुलेटिन, हिन्दी में यूएन ब्लॉग, और यूएन न्यूज रीडर मोबाइल एप्लिकेशन को हिन्दी में भी उपलब्ध कराया गया है। भारत सरकार ने 'बहुभाषावाद' पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक ऐतिहासिक प्रस्ताव को सह-प्रायोजित किया, जिसे 10 जून 2022 को सर्वसम्मति से पारित किया गया। पहली बार, इस संकल्प में हिन्दी भाषा का उल्लेख किया गया, जिससे हिन्दी सहित आधिकारिक और गैर-आधिकारिक भाषाओं में महत्वपूर्ण संचार और संदेशों के प्रचार-प्रसार को जारी रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र वैश्विक संचार को प्रोत्साहित किया गया है। हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की सातवीं आधिकारिक भाषा बनाने हेतु प्रयास जारी है।

नादी, फिजी में आयोजित 12वें विश्व हिन्दी सम्मेलन (15-17 फरवरी 2023) के माध्यम से विश्व भर के हिन्दी विद्वानों और शोधकर्ताओं को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हिन्दी भाषा के अनुप्रयोगों और हिन्दी के प्रचार-प्रसार पर चर्चा करने के लिए वैश्विक एक मंच प्रदान करने के साथ साथ देश-विदेश के 19 विद्वानों और 2 विदेशी संस्थानों को सम्मानित भी किया गया। भारतीय मिशनों और सामुदायिक केंद्रों में हिन्दी पढ़ाने में शामिल शिक्षकों को मानदेय सहित विदेशी विश्वविद्यालयों, संस्थानों और सामुदायिक संगठनों को शिक्षण, प्रकाशन और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए वित्तीय अनुदान दिया जाने लगा है। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) और केंद्रीय हिंदी निदेशालय (सीएचडी) के सहयोग से 2022 में विभिन्न देशों के विदेशी नागरिकों के लिए ऑनलाइन हिंदी कक्षाएं एवं भूटान स्थित अंतरराष्ट्रीय विश्व विद्यालय में सरकारी कर्मचारियों के लिए एक अनुकूलित हिन्दी भाषा पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। पिछले वर्ष 10 जनवरी 2023 को पेरिस में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) सहित दुनिया भर में विश्व हिन्दी दिवस मनाया गया, ताकि हिन्दी को एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रस्तुत किया जा सके व विश्व में इसके उपयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को बढ़ावा देने में मॉरिशस हिन्दी संस्थान, विश्व हिन्दी सचिवालय, हिन्दी सोसायटी (सिंगापुर), हिन्दी परिषद (नीदरलैंड्स), हिन्दी संगठन (मॉरिशस) आदि संस्थाओं ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। विदेशों में रहने वाले प्रवासी भारतीयों द्वारा प्रवासी साहित्य के माध्यम से भी विदेश में हिन्दी का डंका बजा हैं। अनुवाद की बढ़ती गुणवत्ता के कारण अब हिन्दी के साहित्य की धमक वैश्विक पाठक के बीच बनी है। कुछ समय पूर्व, हिंदी लेखिका गीतांजलि श्री के हिन्दी उपन्यास 'रेत समाधि' के अंग्रेजी अनुवाद 'टूंब ऑफ सैंड' को अनुवाद श्रेणी में बुकर पुरस्कार मिला। हिन्दी भाषा के तीव्र विस्तारीकरण का कारण हिन्दी का वैज्ञानिक भाषा होने के साथ साथ सर्वाधिक लचीला, सरल एवं सहज भाषा होना है। विदेशी भाषाओं के शब्दों को हिंदी स्वयं में आत्मसात करने की क्षमता रखती है। हिंदी भाषा ध्वनि और उच्चारण आधारित भाषा है। यह खूबी विश्व की अन्य किसी भी भाषा में नहीं है। हिन्दी को जनभाषा से 'विश्व भाषा' बनाया जा सकता है।


(लेखिका सहायक आचार्य, स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज, डीयू हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## अंतरिक्ष विज्ञान
नृपेन्द्र अभिषेक नृप



# सूर्य मिशन की सफलता से इसरो ने रचा इतिहास

भारत का अंतरिक्ष संगठन इसरो लगातार इतिहास रच रहा है। पहले मंगलयान, फिर चन्द्रयान-3 के द्वारा चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बना और अब आदित्य एल 1 के सफलता के बाद इसरो को सूर्य मिशन में भी सफलता मिल गई है। 6 जनवरी को आदित्य-एल 1 लॉन्च अपने गंतव्य बिंदु लैग्रेंज-1 पर पहुंचने में सफल रहा। आदित्य एल 1 की यह यात्रा 2 सितंबर 2023 को शुरू हुई थी, जो अब सफलतापूर्वक अपने मंजिल पर पहुंच गई है। मिशन के दौरान सही स्पीड के लिए पांच बार ऑर्बिट बदला गया। फिर आदित्य को ट्रांस-लैरेंजियन 1 ऑर्बिट में भेजा गया। यहां से शुरू हुई 109 दिन की लंबी यात्रा। फिर सैटेलाइट आदित्य जैसे ही L1 पर पहुंचा, उसकी एक ऑर्बिट मैन्यूवरिंग कराई गई ताकि एल1 प्वाइंट के चारों तरफ मौजूद हैलो ऑर्बिट में चक्कर लगाता रहे। इस मिशन के जरिए सूर्य का अध्ययन किया जाएगा। सूर्य हमारा निकटतम तारा है और अन्य तारों की तुलना में इसका अधिक विस्तार से अध्ययन किया जा सकता है। सूर्य एक अत्यंत गतिशील तारा है। हम जितना देखते हैं, यह उससे कहीं ज्यादा फैला है, जिसमें लगातार भारी मात्रा में ऊर्जा निकलती रहती है।




दुनिया में अब तक सूर्य पर कुल 22 मिशन भेजे जा चुके हैं। मिशन पूरा करने वाले देशों में अमेरिका, जर्मनी, यूरोपियन स्पेस एजेंसी शामिल हैं। सूरज पर सबसे ज्यादा 14 मिशन अमेरिकी एजेंसी नासा ने भेजे हैं। यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने साल 1994 में पहला सूर्य मिशन भेजा, तो उसने नासा का साथ लिया। नासा के पार्कर सोलर प्रोब ने सबसे ज्यादा काम किया है। यह सूर्य के सबसे करीब पहुंचने वाला एकमात्र अंतरिक्षयान है। आदित्य-एल 1 मिशन अपने साथ सात वैज्ञानिक पेलोड का एक सेट ले गया है, जिसके माध्यम से सूर्य का अध्ययन करेगा। आदित्य-एल1 के सातों पेलोड की खास बात है कि ये देश में विभिन्न प्रयोगशालाओं द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हैं। ये सभी पेलोड इसरो के विभिन्न केंद्रों के सहयोग से विकसित किए गए हैं। सूर्य के वायुमंडल के सबसे बाहरी भाग यानी सौर कोरोना और सूरज में होने वाले सबसे शक्तिशाली विस्फोटों यानी कोरोनल मास इजेक्शन की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (वीईएलसी) अपने साथ ले जा रहा है। एक अन्य उपकरण सोलर अल्ट्रा-वायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) नामक पेलोड अल्ट्रा-वायलेट (यूवी) के निकट सौर प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर की तस्वीरें लेगा। इसके साथ ही एसयूआईटी यूवी के नजदीक सौर विकिरण में होने वाले बदलावों को भी मापेगा।

आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स) और प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य (पीएपीए) पेलोड सौर पवन और शक्तिशाली आयनों के साथ-साथ उनके ऊर्जा वितरण का अध्ययन करने के लिए साथ भेजा जा रहा है। सोलर लो एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर और हाई एनर्जी एल1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर विस्तृत एक्स-रे ऊर्जा रेंज में सूर्य से आने वाली एक्स-रे किरणों का अध्ययन करेंगे। वहीं, मैग्नेटोमीटर पेलोड को L1 बिंदु पर दो ग्रहों के बीच के चुंबकीय क्षेत्र को मापने के लिए बनाया गया है। इस ऐतिहासिक मिशन का मुख्य उद्देश्य यह है कि यह पृथ्वी-निर्देशित तूफानों पर नज़र रखने और सौर अवलोकनों के माध्यम से इसके प्रभाव की भविष्यवाणी करने में मदद करेगा। शुरुआत में इसे केवल सूर्य के कोरोना का अवलोकन करने के लिए बनाया गया था। तब इसका नाम आदित्य 1 था। सौर भौतिकी में कोरोना के अत्यधिक उच्च तापमान तक गर्म होने का कारण अभी भी एक रहस्य है। आदित्य -1 मिशन में उपग्रह को 800 किमी निचली पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करना शामिल था। बाद में आवश्यकता अनुसार इसरो ने उपग्रह को लैग्रेंजियन प्वाइंट (एल1) के आसपास हेलो कक्षा में स्थापित करने की योजना बनाई। एल 1 पृथ्वी से 1.5 मिलियन किमी दूर है। यह बिंदु बिना किसी व्यवधान के लगातार सूर्य का अवलोकन करने का लाभ प्रदान करता है। इसलिए मिशन का नाम बदलकर आदित्य एल1 मिशन कर दिया गया। पृथ्वी सहित हर ग्रह और सौरमंडल से परे एक्सोप्लैनेट्स विकसित होते हैं और यह विकास अपने मूल तारे द्वारा नियंत्रित होता है। सोलर मौसम पूरे सोलर सिस्टम को प्रभावित करता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है।

## हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मोटे अनाज के उत्पादन पर जोर

श्रीअन्न या मोटे अनाज (मिलेट्स) की चारों तरफ खूब चर्चा है। मध्यप्रदेश सरकार ने 3 जनवरी को रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू करने का निर्णय किया है। इसके तहत मोटे अनाज- कोदो-कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा आदि का उत्पादन करने वाले किसानों को प्रति किलो 10 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। यह राशि सीधे किसानों के खाते में भेजी जाएगी। केंद्र सरकार लगातार मोटे अनाज के उत्पादन व उपभोग पर जोर दे रही है। ऐसे में मध्यप्रदेश के अलावा भी कई राज्यों में मोटे अनाज की खेती करने पर किसानों को बंपर सब्सिडी दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 में मोटे अनाज को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए वर्ष 2018 को मिलेट्स वर्ष घोषित किया था।

*-सुखदेव वर्मा, धमतरी*

## हरिभूमि ट्रेंड

### शानदार यात्रा



आज मदीना की ऐतिहासिक यात्रा की, जिसमें इस्लाम के सबसे पवित्र शहरों में से एक, श्रद्धेय पैगंबर की मस्जिद की परिधि, अल मस्जिद अल नबवी, उहुद के पहाड़ और क्यूबा मस्जिद की परिधि- इस्लाम की पहली मस्जिद की यात्रा शामिल थी।

**-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री**

### अविश्वास की धुंध



एक ज़माना था, जब नेता और जान न्योछावर करने वाले शहीद, स्वतंत्रता के गीत सुनाते थे। न्याय का जुनून जनता के दिलों में रोशनी भरता था। आज भरोसे की लौ कमज़ोर पड़ गई है। लोकसेवा का मंदिर अविश्वास की धुंध में खोया है।

**-नवजोत सिंह सिद्धू, कांग्रेस नेता**

### लक्ष्य को तय करें



इस नए साल में असफलता के डर को दूर करें। आप उन उड़ने वाली मशीनों' का निर्माण करें जिनका आप सपना देख रहे हैं। आप कभी नहीं जानते कि वे कितनी दूर तक उड़ सकते हैं, लेकिन अपने लक्ष्य को तय करें और उसे साधें।

**-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति**

### मेरा हौसला देखकर



डर मुझे भी लगा फासला देखकर, पर मैं बढ़ता गया रास्ता देखकर, ख़ुद ब ख़ुद मेरे नज़दीक आती गई मेरी मंज़िल, मेरा हौसला देख कर। प्रिय शीतल देवी, आप भारत की शान हो और विश्व की युवा शक्ति की आन हो। आपको अर्जुन आवार्ड के लिए बधाई।

**-अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति बोले 'मैं बिल्कुल ठीक हूं'


दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराए जाने संबंधित सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरों का खंडन किया और कहा कि वह 'बिल्कुल ठीक' हैं। रामफोसा ने कहा कि उनके आईसीयू में भर्ती होने की खबरें 'बढ़ा-चढ़ा कर' प्रसारित की गई थीं और वह अधिकारियों की सलाह पर रविवार को घर से काम कर रहे थे। अधिकारियों ने उन्हें व्यस्त सप्ताह को लेकर घर पर सुरक्षित वातावरण में रहने की सलाह दी थी। रामफोसा ने सोमवार को रंगभेद विरोधी आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) के सदस्यों को सम्मानित करने के लिए लिम्पोपो प्रांत में एक पुष्पांजलि समारोह में यह टिप्पणी की। राष्ट्रपति का स्पष्टीकरण रविवार को सोशल मीडिया पर प्रसारित उन खबरों के बाद आया जिसमें दावा किया गया था कि उन्हें प्रिटोरिया के 1-सैन्य अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विपक्षी पार्टी इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के नेता जूलियस मैलेमा के एक फर्जी खाते से दावा किया गया कि रविवार को अस्पताल में भर्ती होने से पहले रामफोसा (दिल का दौरा पड़ने के बाद) गिर गए थे। लिम्पोपो के कार्यक्रम में रामफोसा ने कहा कि उनका स्वास्थ्य बेहतर है।



## ऑफ बीट

# अपनी चादरें और तौलिये कब-कब धोने चाहिए?

यूनाइटेड किंगडम में किए गए एक सर्वेक्षण में, एकल पुरुषों में से लगभग आधे ने बताया कि वे कई बार चार महीने तक अपनी चादरें नहीं धोते हैं।



यह बिल्कुल स्पष्ट है कि इसे बिना धुले छोड़ने के लिए चार महीने बहुत अधिक हैं, लेकिन आदर्श आवृत्ति क्या है? वैसे भी, साफ चादरों का अहसास या नए धुले तौलिये की गंध किसे पसंद नहीं होगी? आपको तौलिये को अधिक बार क्यों धोना चाहिए? जब आप अपने आप को सुखाते हैं, तो आप तौलिये पर हजारों त्वचा कोशिकाएं और लाखों रोगाणु जमा कर देते हैं। और क्योंकि आप शॉवर या स्नान के बाद खुद को सुखाने के लिए अपने तौलिये का उपयोग करते हैं, इसलिए आपका तौलिया नियमित रूप से गीला रहता है। आप हर रात अपनी चादरों पर भारी मात्रा में मृत त्वचा, रोगाणु, पसीना और तेल भी जमा कर देते हैं। लेकिन अगर आप रात में स्वेटर न पहनते हों, रात की नींद के बाद आपका बिस्तर गीला नहीं होता। तौलिये चादरों की तुलना में अधिक मोटे पदार्थ से बने होते हैं और इसलिए अधिक समय तक नम रहते हैं। तो नमी के बारे में ऐसा क्या है जो समस्या का कारण बनता है? गीले तौलिये बैक्टीरिया और फफूंद के प्रजनन स्थल होते हैं। फफूंद विशेष रूप से नम वातावरण पसंद करते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# राम मंदिर में 42 दरवाजों पर 100 किलो सोने की परत चढ़ाई जाएगी

**अयोध्या(एजेंसी)।** अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के सोने के दरवाजे की पहली तस्वीर सामने आई है। यह दरवाजा करीब 8 फीट ऊंचा और 12 फीट चौड़ा है। आने वाले 3 दिनों में 13 और दरवाजे लगाए जाएंगे। राम मंदिर में कुल 46 दरवाजे लगेंगे। इनमें से 42 पर 100 किलो सोने की परत चढ़ाई जाएगी। सीढ़ियों के पास 4 दरवाजे लगेंगे। इन पर सोने की परत नहीं होगी। इन दरवाजों को महाराष्ट्र की सागौन की लकड़ी से बनाया गया है। इन पर हैदराबाद के कारीगरों ने नक्काशी का काम किया है। इसके बाद इन पर तांबे की परत लगाई गई। फिर सोने की परत चढ़ाई जा रही है। राम लला का सिंहासन भी सोने का बनाया जाना है। यह काम भी 15 जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। मंदिर का शिखर भी सोने का होगा, लेकिन इस काम को बाद में किया जाएगा।



## दरवाजे 8 फीट ऊंचे और 12 फीट चौड़े होंगे


### 18 से शुरू होगा मूर्ति अधिवास

विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और धर्माचार्य संपर्क प्रमुख अशोक तिवारी ने बताया, '18 जनवरी से मूर्ति अधिवास प्रारंभ होगा। इस दिन सुबह-शाम जलाधिवास होगा। 19 जनवरी की सुबह फल और शाम को धान्य अधिवास होगा। 20 जनवरी की सुबह पुष्प और शाम को रत्न अधिवास होगा। 21 जनवरी की सुबह शर्करा, मिष्ठान और मधु अधिवास होगा और शाम को औषधि और शय्या अधिवास होगा। भगवान राम सूर्यवंशी हैं, इसलिए द्वादश अधिवास हो रहे हैं। इसके अलावा 16 से 22 जनवरी तक चतुर्वेद यज्ञ होगा। 22 जनवरी को रामलला के विग्रह की आंखों से पट्टी खोली जाएगी और उन्हें दर्पण दिखाया जाएगा।'

### एक किलो सोना-7 किलो चांदी से बनीं पादुकाएं



मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनकी चरण पादुकाएं भी रखी जाएंगी। ये चरण पादुकाएं एक किलो सोने और सात किलो चांदी से बनाई गई हैं। इन्हें हैदराबाद के श्रीचल्ला श्रीनिवास शास्त्री ने बनाया है।





## राम मंदिर के उद्घाटन के बाद झारखंड की महिला तीन दशक पुराना मौन व्रत तोड़ेगी



झारखंड की 85 वर्षीय बुजुर्ग सरस्वती देवी बीते 31 साल से मौन व्रत ली हुई हैं। सरस्वती देवी के परिवारवालों का कहना है कि 1992 में बाबरी मस्जिद ढहाए जाने के बाद से ही वे मौन हो गई थीं। सरस्वती देवी प्रण लिया था कि वे तभी मौन व्रत तोड़ेंगी, जब राम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। सरस्वती देवी धनबाद की रहने वाली हैं। वे परिवार के साथ राम मंदिर का उद्घाटन देखने 8 जनवरी रात को अयोध्या रवाना हो चुकी हैं। सरस्वती देवी के परिजन बताते हैं कि अयोध्या में वे मौनी माता के नाम से मशहूर हैं। हम लोगों से वे इशारों में बात करती हैं। कोई कठिन बात कहनी हो तो लिखकर बताती हैं। परिवारवालों ने ये भी बताया कि 1992 से 2020 तक वे दोपहर में एक घंटा बोलती थीं। जब 5 अगस्त 2020 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर की नींव रखी, तब से वे पूरी तरह मौन हैं। जब से मंदिर के उद्घाटन की तारीख की घोषणा हुई है, तब से वह बेहद खुश हैं।

## खबर संक्षेप

### लेप्चा ने किया राज्यसभा के लिए नामांकन



**गंगटोक (भाषा)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता दोरजी शेरिंग लेप्चा ने मंगलवार को सिक्किम से राज्यसभा की एकमात्र सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। दो बार के विधायक और पूर्व मंत्री 66 वर्षीय सिंह ने विधानसभा परिसर में निर्वाचन अधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष डी आर थापा भी मौजूद थे।

### पंजाब की झांकी राज्य में निकाली जाएगी : मान



**चंडीगढ़ (भाषा)।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को कहा कि गणतंत्र दिवस परेड में केंद्र द्वारा शामिल नहीं की गई पंजाब की झांकी 26 जनवरी के बाद पूरे राज्य में निकाली जाएगी। मान ने कहा कि झांकी में भगत सिंह, उधम सिंह और लाला लाजपत राय जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को दर्शाया गया है।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा को नहीं मिली अनुमति



**गुवाहाटी (भाषा)।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि उसे 14 जनवरी को मणिपुर से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू करने की अनुमति अभी तक नहीं मिली है तथा राज्य सरकार ने उसे सूचित किया है कि उसका आवेदन केंद्र को 'अनुमोदन' के लिए भेजा गया है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जातीय हिंसा से प्रभावित लोगों के 'घावों पर मरहम लगाने' के मकसद से यात्रा शुरू करने के लिए मणिपुर को चुना गया है।

### 22 को यूपी के सभी शिक्षण संस्थानों में रहेगी छुट्टी



**लखनऊ (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 22 जनवरी को अयोध्या स्थित राम मंदिर में होने वाली प्राण-प्रतिष्ठा को 'राष्ट्रीय उत्सव' बताते हुए उस दिन राज्य की सभी शिक्षण संस्थाओं में छुट्टी का ऐलान किया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के मुताबिक मुख्यमंत्री ने प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

### विधायिका की गरिमा से समझौता नहीं : बिरला



**भोपाल (भाषा)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि कोई भी पीठासीन अधिकारी विधानमंडल के सदस्यों को निलंबित करना पसंद नहीं करता लेकिन सदन की गरिमा से समझौता नहीं किया जा सकता। हाल में संपन्न सत्र के दौरान संसद से 140 से अधिक विपक्षी सांसदों के निलंबन के बारे में उन्होंने यह बात कही।

## वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 : पीएम मोदी आज करेंगे उद्घाटन

# 20 देशों के प्रतिनिधि होंगे समिट में शामिल, ऑटो सेक्टर पर रहेंगी निगाहें

**गांधीनगर (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन की पूर्व-संध्या पर मंगलवार को 'वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक व्यापार प्रदर्शनी-2024' का उद्घाटन किया। यह वैश्विक प्रदर्शनी गुजरात की राजधानी गांधीनगर में हेलीपैड ग्राउंड प्रदर्शनी केंद्र के कई हॉल में लगाई गई है। इसका कुल क्षेत्रफल करीब दो लाख वर्ग मीटर है। प्रदर्शनी में कुल 20 देश शिरकत कर रहे हैं। इसकी शुरुआत वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन से ठीक पहले हुई है। इस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपराह्न तीन बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ प्रदर्शनी में लगे कई स्टाल को देखा। उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी और अन्य अतिथियों का स्वागत करने के लिए स्थानीय कॉलेजों के विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद थे। इसमें शोध क्षेत्र से जुड़े करीब 1,000 स्टॉल लगाए गए हैं। इसमें कुल 13 हॉल हैं जो 'मेक इन गुजरात' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे 13 अलग-अलग विषयों पर केंद्रित हैं। प्रदर्शनी में महिला सशक्तीकरण, एमएसएमई विकास, नई प्रौद्योगिकी, हरित और स्मार्ट बुनियादी ढांचे और टिकाऊ ऊर्जा पर खास ध्यान दिया गया है। प्रदर्शनी बुधवार और बृहस्पतिवार को कारोबारों के लिए खुला रहेगी जबकि आम जनता के लिए यह उसके बाद दो दिन खुलेगी।

## 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' में हिस्सा लेने भारत आए यूएई के राष्ट्रपति



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मंगलवार शाम को अहमदाबाद में रोड शो किया। करीब 3 किमी लंबा यह रोड शो एयरपोर्ट से साबरमती आश्रम तक हुआ। करीब 20 मिनट तक साबरमती आश्रम में रुकने के बाद शाम 7 बजे दोनों के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। बुधवार को पीएम मोदी गांधीनगर में 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' का उद्घाटन करेंगे। गांधीनगर में पीएम मोदी ने ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस-रामोस होर्ता और मोजांबिक प्रेसिडेंट फिलिप जैसिंटो न्यूसी से चर्चा की। 10 से 12 जनवरी तक 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' का आयोजन होगा।

### 10 जनवरी का कार्यक्रम

पीएम बुधवार को सुबह 10 बजे महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 10वें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर वे दुनियाभर से गुजरात पहुंचे कारोबारियों, निवेशकों को संबोधित करेंगे। इस दौरान उनके साथ 4 राष्ट्राध्यक्षों के साथ 32 सहभागी देशों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे गांधीनगर में तैयार हो रही जीआईएफटी सिटी में ग्लोबल फिनटेक सीईओ कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे और करीब रात आठ बजे प्रधानमंत्री अहमदाबाद से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

### इन देशों से दिग्गज कारोबारी करेंगे समिट में शिरकत

गुजरात सरकार से मिली जानकारी के मुताबिक, भारत के कारोबारियों के अलावा ब्रिटेन, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, चेक रिपब्लिक, मिस्र, एस्टोनिया, फिनलैंड, जर्मनी, इंडोनेशिया, जापान, केन्या, नीदरलैंड, मलेशिया, माल्टा, मोरक्को, नेपाल, नॉर्वे, पोलैंड, वियतनाम, साउथ कोरिया, रवांडा, सिंगापुर, थाईलैंड, उरुग्वे, घाना, तंजानिया और मोजाम्बिक से दिग्गज कारोबारी समिट में शामिल होने आ रहे हैं।

### इन सेक्टर के लिए ऐलान संभव

इस वाइब्रेंट समिट में सभी की नजरें गुजरात के ऑटो सेक्टर पर लगी हैं। समिट में टेस्ला के भी गुजरात आगमन का ऐलान हो सकता है। इसके साथ ही मारुति और देश की अन्य ईवी व्हीकल बनाने वाली कंपनियों की तरफ से बड़ी घोषणा की उम्मीद की जा रही है। इसके अलावा सेमीकंडक्टर की कंपनियां भी बड़े ऐलान कर सकती हैं। मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए साल 2003 में पहली 'वाइब्रेंट गुजरात समिट' का शुभारंभ किया था। 2001 में मुख्यमंत्री बनने के करीब दो साल बाद उन्होंने पहली वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट की शुरुआत की थी।

## दुनिया ने देखी पीएम मोदी और यूएई के राष्ट्रपति की 'दोस्ती'

### लगाया गले, हाथ पकड़कर 'आगे' बढ़े फिर कार में साथ बैठकर किया रोड शो



**यूएई गुजरात के न्यू एनर्जी में 2 बिलियन डॉलर का निवेश करेगा**

**अहमदाबाद।** वाइब्रेंट गुजरात समिट के चीफ गेस्ट संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान मंगलवार शाम अहमदाबाद पहुंचे। पीएम नरेंद्र मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति की आगवानी की। इसके बाद दोनों वैश्विक नेताओं ने हवाईअड्डे से गांधी आश्रम तक रोड शो भी किया। राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान वाइब्रेंट गुजरात समिट में निवेश के कई समझौते पर मुहर लगाएंगे। उनके साथ वाणिज्य मंत्री थानी बिन अहमद अल जायौदी और व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी वाइब्रेंट गुजरात समिट में शामिल होगा। ऐसा नहीं है कि सिर्फ पीएम नरेंद्र मोदी यूएई प्रेसिडेंट के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पहुंचे। 2022 में पीएम मोदी यूएई की यात्रा पर गए थे, तब राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने प्रोटोकॉल तोड़ते हुए अबू धाबी एयरपोर्ट पर उनकी आगवानी की थी। पीएम मोदी अपने कार्यकाल में छह बार यूएई जा चुके हैं। संयुक्त अरब अमीरात पीएम नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ जायद से सम्मानित कर चुका है। पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति को अहमदाबाद में उतरते ही गले लगाया और फिर रेड कारपेट पर एक दूसरे का हाथ पकड़कर आगे बढ़े। पिछले साल जुलाई में प्रधानमंत्री मोदी की यूएई की यात्रा के दौरान दोनों देशों ने रुपए और दिरहम में कारोबार करने का ऐलान किया था। इसके अलावा आबूधाबी में आईआईटी बनाने पर भी सहमति बनी थी। यूएई गुजरात के न्यू एनर्जी में 2 बिलियन डॉलर का भी निवेश करेगा। यूएई में करीब 35 लाख भारतीय रहते हैं। एयरपोर्ट पर विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल भी मौजूद रहे।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के जरिए भाजपा 'नौटंकी' कर रही है : ममता



**जयनगर (पश्चिम बंगाल) (भाषा)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा लोकसभा चुनाव से पहले अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के जरिये "नौटंकी" कर रही है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा, "मैं ऐसे उत्सव का समर्थन नहीं करती हूं, जिसमें अन्य समुदायों को अलग रखा जाए।" दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि वह जनता को धार्मिक आधार पर बांटने में विश्वास नहीं रखतीं। उन्होंने कहा, "मैं उन उत्सवों में विश्वास करती हूं जो सभी समुदायों के लोगों को साथ लेकर चलते हैं और एकता की बात करते हैं। भाजपा इसे (राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह) अदालत के निर्देश पर कर रही है, लेकिन नौटंकी के तौर पर यह लोकसभा चुनाव से पहले किया जा रहा है।" बनर्जी ने कहा, "मैं लोगों को धार्मिक आधार पर बांटने में विश्वास नहीं रखती।' अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और 6,000 से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

## 'इंडिया' का साझा संकल्प देश बचाओ, भाजपा हटाओ : डी राजा



**पटना (भाषा)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के महासचिव डी राजा ने मंगलवार को दोहराया कि इंडिया गठबंधन का प्राथमिक उद्देश्य देश को बचाने के लिए सामूहिक रूप से लड़ना और भाजपा को हराना है। राजा ने यहां मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा, "अगर हमें देश को बचाना है तो भाजपा को हराना होगा। इसलिए इंडिया गठबंधन का साझा संकल्प है देश बचाओ, भाजपा हटाओ। इंडिया गठबंधन और उसके सभी घटकों का एक ही संकल्प है। देश को बचाने के लिए सामूहिक रूप से लड़ें और भाजपा को हराएं।" राजा ने आगे कहा, "इंडिया गठबंधन को भरोसा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्र की भाजपा सरकार सत्ता से बाहर हो जाएगी। केंद्र की मौजूदा सरकार देश में तानाशाही सरकार चला रही है। जो ताकतें संविधान पर हमला कर रही हैं और नफरत की राजनीति फैला रही हैं, उन्हें हराना होगा।" केंद्र सरकार पर विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए राजा ने कहा कि सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग जैसी जांच एजेंसियों का इस्तेमाल केवल विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है।

## विधायकों की अयोग्यता में फैसले का सरकार पर नहीं पड़ेगा असर : फड़णवीस



**नागपुर (भाषा)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि विधायकों की अयोग्यता मामले में विधानसभा अध्यक्ष का फैसला कुछ भी हो, उसका शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा और सरकार स्थिर रहेगी। फड़णवीस का यह बयान ऐसे समय आया है जब विधानसभा अध्यक्ष बुधवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और शिवसेना के अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला सुनाने वाले हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि गठबंधन सरकार कानूनी रूप से वैध है और उम्मीद है कि विधानसभा अध्यक्ष का फैसला विधायकों को न्याय प्रदान करेगा। महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर बुधवार को मुख्यमंत्री शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाएंगे, जिनकी बगावत के कारण जून 2022 में शिवसेना में विभाजन हुआ था। उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाने की समय-सीमा 31 दिसंबर, 2023 तय की थी, लेकिन उससे कुछ दिन पहले 15 दिसंबर को शीर्ष अदालत ने अवधि को 10 दिन बढ़ाकर फैसला सुनाने के लिए 10 जनवरी की नयी तारीख तय की।

## 'जमीन के बदले नौकरी' मामला

# लालू के परिवार, अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने रेलवे में 'नौकरी के बदले जमीन' से संबंधित धन शोधन मामले में मंगलवार को अपना पहला आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी सांसद बेटी मीसा भारती का नाम शामिल है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। आरोपपत्र में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव की एक और बेटी हेमा यादव (40), परिवार के एक कथित "नजदीकी सहयोगी" अमित कात्याल (49), एक पूर्व रेलवे कर्मचारी हृदयानंद चौधरी, दो कंपनी ए.के. इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड और ए.बी. एक्सपोर्ट्स प्रा. लिमिटेड और दोनों कंपनी के समान निदेशक का भी नाम शामिल है। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष कुल सात आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया और अदालत ने मामले को 16 जनवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

## विधायक अमानतुल्ला से जुड़े तार

# ईडी ने वक्फ बोर्ड मामले में दाखिल किया आरोपपत्र

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आप विधायक अमानतुल्ला खान के कार्यकाल के दौरान दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की भर्ती और संपत्तियों को पट्टे पर देने में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन जांच में मंगलवार को आरोपपत्र दायर किया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) में कुल पांच नाम हैं जिनमें खान के तीन कथित सहयोगियों- जीशान हैदर, दाउद नासिर और जावेद इमाम सिद्दीकी के नाम भी शामिल हैं जिन्हें केंद्रीय एजेंसी ने नवंबर 2023 में गिरफ्तार किया था। दिल्ली विधानसभा में ओखला निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले 49 वर्षीय विधायक खान को आरोपी के रूप में नामित नहीं किया गया है। एजेंसी ने पिछले साल अक्टूबर में खान और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ छापेमारी के बाद दावा किया था कि आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती से नकदी के रूप में अपराध की बड़ी रकम अर्जित की और अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्तियां खरीदने के लिए इसका निवेश किया।

## इंडि गठबंधन से घबराई है सत्तारूढ़ भाजपा : पायलट

**जयपुर (भाषा)।** केंद्र में भाजपा नीत सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विपक्षी 'इंडि' गठबंधन से घबरा जाने का दावा करते हुए कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि आगामी लोकसभा चुनाव में यह (विपक्षी) गठबंधन बेहतर प्रदर्शन करेगा। पायलट ने दौसा में मीडिया से कहा, "इंडिया गठबंधन बहुत बेहतर स्थिति में है तथा सत्तासीन राजग...भाजपा इस बात से घबराया हुई है कि अगर विपक्ष एकजुट होकर चुनाव लड़ेगा तो चुनौती खड़ी होगी।'


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना


| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | आरडी 66000 से आरडी 208966 टेल ऑफटेकिंग आरडी 301534 टेल फतेहाबाद ब्रांच तक शेरांवाली डिस्टी. की रिमॉडलिंग + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 30.01.2024 | 1534.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9729357000 xennehrana@yahoo.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | जल सेवाएं यांत्रिकी उप मंडल जीन्द में बेरी-खेड़ा पम्प हाउस पर सभी सम्बद्ध एक्सेसरीज अर्थात मोटर, पैनल, केबल्स इत्यादि सहित 05 अदद 20 सीएस. वी.टी. पम्प की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन (बदलना/क्षमता बढ़ाना)। | 09.01.2024 30.01.2024 | ईएमडी 6.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991831221 xen-wsmkrl.irr@gov.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | जल सेवाएं यांत्रिकी उप मंडल जीन्द में हांसी ब्रांच पर आरडी 124000/आर पर रिटोली पम्प हाउस पर सभी सम्बद्ध एक्सेसरीज अर्थात मोटर, पैनल, केबल्स इत्यादि सहित 02 अदद 10 सीएस. वी.टी. पम्प की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन और जल सेवाएं यांत्रिकी उप मंडल जीन्द में भम्भेवा पम्प हाउस और गंगोली पम्प हाउस पर सभी सम्बद्ध एक्सेसरीज अर्थात मोटर, पैनल, केबल्स इत्यादि सहित 01 अदद 20 सीएस. वी.टी. पम्प और 01 अदद 10 सीएस. वी.टी. पम्प की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 09.01.2024 23.01.2024 | ईएमडी 3.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991831221 xen-wsmkrl.irr@gov.in |
| 4 | पंचायती राज कैथल | जिला कैथल के विभिन्न गांवों में गांव काखेरी (सिवान), किठाना, सेरथा में फिरनी पर स्ट्रीट लाइटिंग का कच्चा लागत आकलन कुल 35 गांव। | 08.01.2024 15.01.2024 | 513.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746247248 prexeeng.ktl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज कैथल | सामान्य शमशान घाट (बरसाना) में शैड का निर्माण + 5 कार्य। | 08.01.2024 15.01.2024 | 51.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746247248 prexeeng.ktl@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | हरियाणा भवन, नई दिल्ली में कैंटीन स्टाफ एरिया और कैंटीन के आउटर एरिया के लिए विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 20.01.2024 | 7.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नरवाना | घासो फीडर के आउटलेट्स आरडी 16800-आर पर वाटरकोर्स के 512 फीट लाइनिंग का विस्तार (डी-प्लान के तहत)। | 04.01.2024 11.01.2024 | 2.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9660864175 xen-wsnrw.irr@gov.in |
| 8 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में गांव बलवंती में वेदवती तीर्थ की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 24.01.2024 | 49.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज फतेहाबाद | बनगांव (जीपी) - गांव बनगांव ब्लॉक फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद में मेन चौक दक्षिण साइड का अपग्रेडेशन + 2 कार्य। | 08.01.2024 15.01.2024 | 40.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416251657 bansal.sdo@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज पंचकूला | बरवाला - गोल मंदिर से कॉलेज रोड टर्न तक नाला का निर्माण + 2 कार्य। | 06.01.2024 15.01.2024 | 43.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज पानीपत | ब्लॉक-इसराना - गांव नौलथा, जिला पानीपत में गऊशाला डेरा बाबा लाठे वाला गऊशाला के निकट पंचायत भूमि पर हॉल का निर्माण + 10 कार्य। | 06.01.2024 12.01.2024 | 133.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812482004 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 12 | बागवानी विभाग हरियाणा मुनीमपुर झज्जर | सीओई मुनीमपुर झज्जर में संरक्षित संरचनाओं की मरम्मत। | 08.01.2024 15.01.2024 | ईएमडी 29000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9671627548 coemunimpur@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज सोनीपत | गांव मटिंडू में बीसी चौपाल की मरम्मत + 5 कार्य। | 04.01.2024 11.01.2024 | 66.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818043960 vpnaman2011@gmail.com |
| 14 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हांसी | ढाणी बुखारी :- ग्राम ढाणी बुखारी जिला हिसार में स्वतंत्र जल घर का निर्माण (नहर आधारित)। इनलेट चैनल का निर्माण, जलघर के अंदर ओपन ब्रिक चैनल, 1 अदद एस/एस टैंक ब्रिक लाइनिंग, 2 अदद आरसीसी सक्शन स्कर वेल, 3 अदद आरसीसी फिल्टर बेड्स, 1 अदद आरसीसी स्वच्छ जल टैंक, 1 अदद पंप चैम्बर, चारदिवारी का निर्माण, सी.सी. पथ का निर्माण, हैडवर्क्स और वितरण प्रणाली पर पंपिंग मशीनरी, इलेक्ट्रिकल पैनल, सीआई डीएफ/पीई स्पेशल्स, पाइप लाइन की आपूर्ति और स्थापना, 5 वर्ष के ओ एंड एम समेत सभी संरचनाओं और स्थापनाओं का परीक्षण करना, प्रचालन करना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य। | 08.01.2024 22.01.2024 | 157.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663256145 eehansi@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2024/280/24057/I/88/6 दि. 09.01.24




## खबर संक्षेप



### व्हाइट हाउस के दरवाजे से टकराई कार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक शख्स ने सोमवार को व्हाइट हाउस के दरवाजे में अपनी कार घुसा दी। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति की सिक्योरिटी के लिए जिम्मेदार सीक्रेट सर्विस ने बताया कि वो मामले की जांच कर रहे हैं। घटना के दौरान राष्ट्रपति व्हाइट हाउस में मौजूद नहीं थे।

### कुपवाड़ा में एलओसी के पास हथियार बरामद

**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास हथियार और नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। एक विशिष्ट सूचना के आधार पर किशनगंगा नदी के किनारे कोबरा चौकी के पास केरन पाइन से हथियार और नशीले पदार्थ बरामद किए गए।

### गाजा पर चर्चा करने इजराइल पहुंचे ब्लिंकन

**तेल अवीव(एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने मंगलवार को इजराइल में नेताओं से बातचीत की और युद्ध के बाद गाजा के भविष्य के लिए एक योजना की संभावना पर चर्चा की। इसके साथ ही इजराइल की सेना ने संकटग्रस्त क्षेत्र में अभियान को और आगे बढ़ा दिया। भारी बमबारी और लड़ाई ने शरणार्थी शिविरों को दहला दिया, और सहायता समूहों के प्रयासों में बाधा उत्पन्न हुई।

### ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) ए जे एस बहल का निधन

**नई दिल्ली (भाषा)।** वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध में बहादुरी से लड़ने वाले ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) ए जे एस बहल का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। यह जानकारी सूत्रों ने मंगलवार को दी। सूत्रों ने बताया कि अप्रैल 1941 में जन्मे ब्रिगेडियर बहल का सोमवार को हरियाणा में कमांड अस्पताल, चंडीमंदिर में निधन हो गया। ब्रिगेडियर बहल का अंतिम संस्कार बुधवार को चंडीगढ़ में किया जाएगा।

### तीन दिवसीय दौरे पर राजनाथ, दिया 'गार्ड ऑफ ऑनर

# ब्रिटेन के साथ रक्षा-सुरक्षा सहयोग और मजबूत करेंगे

## रक्षा मंत्री ने गांधी स्मारक के दौरे के साथ यात्रा की शुरुआत की

एजेंसी ⏭ लंदन

22 साल बाद भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लंदन पहुंचे हैं। रक्षा मंत्री सिंह तीन दिन के ब्रिटेन दौरे पर हैं। रक्षा मंत्री ने भारत-ब्रिटेन रक्षा साझेदारी के सभी पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने ब्रिटिश समकक्ष ग्रांट शाप्स के साथ सुरक्षा एवं रक्षा औद्योगिक सहयोग के संबंध में 'सार्थक चर्चा' की। इस यात्रा के दौरान रक्षा, सुरक्षा और औद्योगिक सहयोग सहित अन्य व्यापक मुद्दों पर गहन रूप से बातचीत होगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सिंह के साथ रक्षा मंत्रालय का एक प्रतिनिधिमंडल भी आया है, जिसमें डीआरडीओ, सेवा मुख्यालय, रक्षा विभाग और रक्षा उत्पादन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी है।

- 22 साल में ब्रिटेन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय रक्षा मंत्री
- राजनाथ सिंह ने अपने ब्रिटिश समकक्ष ग्रांट शाप्स मिले





### आज से मुक्त व्यापार समझौते पर अगले दौर की वार्ता शुरू

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से संबंधित मुद्दों पर बुधवार से शुरू होने वाली अगले दौर की वार्ता में चर्चा होगी जिसमें बातचीत का दौर संपन्न करने पर जोर रहेगा। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि 'ब्रिटेन और भारत एक व्यापक और महत्वाकांक्षी एफटीए की दिशा में बातचीत जारी रखेंगे। 14वें दौर की वार्ता यहां बुधवार से होगी।'' प्रस्तावित समझौते पर दोनों पक्ष के बीच 13वें दौर की बातचीत पिछले साल 18 सितंबर से 15 दिसंबर के बीच हुई थी। नए दौर की वार्ता वस्तुओं, सेवाओं और निवेश के क्षेत्रों में जटिल मुद्दों पर केंद्रित होंगी। इसमें इलेक्ट्रिक वाहनों, व्हिस्की पर शुल्क में कटौती और पेशेवरों की सुगम आवाजाही जैसे मुद्दे भी शामिल हैं।

## ह्यूस्टन में राम भक्तों ने कार रैली निकाली



**ह्यूस्टन (भाषा)।** इस माह के अंत में अयोध्या में आयोजित होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले हिंदू अमेरिकी समुदाय के सदस्यों ने रविवार को ह्यूस्टन में एक विशाल कार रैली निकाली। यह रैली भजन और 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए रास्ते में 11 मंदिरों में भी रुकी।

## स्मृति ईरानी ने सऊदी अरब में हज एवं उमरा सम्मेलन में हिस्सा लिया



एजेंसी ⏭ जेद्दा

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को यहां तीसरे हज एवं उमरा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाग लिया। ईरानी ने सऊदी अरब के हज एवं उमरा मामलों के मंत्री तौफीक बिन फौजान अल राबिया के साथ भारतीय हज यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर सहयोग के लिए संभावनाओं पर चर्चा की। ईरानी के साथ विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन भी थे। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने कहा कि सत्र के दौरान विचारों और सूचनाओं का आदान-प्रदान भारतीय हज यात्रियों के लिए इस यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने में उपयोगी साबित होगा। हज यात्रियों के लिए सुविधाओं और सेवाओं में सुधार और करीबी सहयोग की गुंजाइश पर मक्का क्षेत्र के डिप्टी गवर्नर और हज एवं उमरा मंत्री के साथ भी चर्चा हुई।'' ईरानी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा जानकारी दी।

## ईडी का शिवसेना-यूबीटी विधायक के यहां छापा

**मुंबई (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शहर के जोगेश्वरी इलाके में एक होटल के निर्माण में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में शिवसेना (यूबीटी) विधायक रवींद्र वायकर और उनसे जुड़ी कई संस्थाओं के परिसरों पर मंगलवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि एजेंसी मुंबई के लगभग सात स्थानों पर तलाशी ले रही है।सूत्रों ने बताया कि जिन स्थानों पर तलाशी ली जा रही है, उनमें वायकर और उनके कुछ साझेदारों तथा अन्य के परिसर शामिल हैं। वायकर (64) उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट से विधायक हैं और महाराष्ट्र विधानसभा में जोगेश्वरी पूर्व निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### रेलवे परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामला

## एप्टेक लिमिटेड के खिलाफ सीबीआई ने दर्ज किया केस

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रेलवे भर्ती केंद्र, मुंबई द्वारा आयोजित सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जीडीसीई) का प्रश्नपत्र कथित रूप से लीक होने के लिए मुंबई स्थित एप्टेक लिमिटेड और अन्य के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। इस परीक्षा में 8,600 से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे। यह जानकारी मंगलवार को अधिकारियों ने दी। कंप्यूटर-आधारित परीक्षा 3 जनवरी, 2021 को अहमदाबाद, इंदौर, राजकोट, सूरत, वड़ोदरा और मुंबई जैसे छह शहरों के 28 परीक्षा केंद्रों पर हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि इस परीक्षा को लेकर यह आरोप लगे थे कि परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्नपत्र अभ्यर्थियों को भारी धनराशि के भुगतान के बदले व्हाट्सऐप संदेश के माध्यम से और प्रत्यक्ष तरीके से मुहैया करा दिए गए थे। सीबीआई की प्राथमिकी में कहा गया है, ''आरोप है कि एप्टेक लिमिटेड को परीक्षा संचालन एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया था। जीडीसी परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से पहले धनराशि के भुगतान के बाद उत्तर के साथ प्रश्न पत्र प्रदान किए गए थे।'' गैर-तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों (गैर-स्नातक), कनिष्ठ लिपिक-सह टाइपिस्ट और ट्रेन क्लर्क के पद के लिए परीक्षा के कुछ दिनों बाद, अभ्यर्थियों को एक गैर सत्यापित व्हाट्सऐप लिंक के माध्यम से परीक्षा परिणाम भी प्रदान किए गए।

- इस परीक्षा में 8,600 से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे छह शहरों के 28 परीक्षा केंद्रों पर हुई थी

### सीएम ने जांच करने के निर्देश दिए

## देहरादून में क्लोरीन गैस के रिसाव से मचा हड़कंप

**देहरादून (उत्तराखंड) (भाषा)।** देहरादून के निकट झाझरा में मंगलवार तड़के एक खुले मैदान में रखे क्लोरीन के सिलेंडरों से गैस का रिसाव होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया । पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पास ही स्थित आवासीय परिसर से लोगों को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया जिससे किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ । उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने क्लोरीन गैस रिसाव की घटना को गंभीरता से लेते हुए आवासीय स्थानों पर इस प्रकार की नुकसानदेह गैसों के भंडारण की जांच करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं । प्राप्त जानकारी के अनुसार, देहरादून जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष को झाझरा के एक मैदान में क्लोरीन गैस के रिसाव की सूचना मिली । मौके पर जाकर पता चला कि क्लोरीन के छह बड़े सिलेंडरों में से दो में से गैस का रिसाव हो रहा है । घटना की सूचना मिलते ही देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, एसडीआरएफ के कमान्डेंट और 'केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल एंड न्यूक्लियर' (सीबीआरएन) के विशेषज्ञ आवश्यक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे ।



### मारपीट में करीब 50 से 100 लोग शामिल

## कनाडा में गुरुद्वारे के बाहर प्रदर्शन में दो लोग घायल

**ओटावा (भाषा)।** कनाडा में अल्बर्टा प्रांत के पूर्वोत्तर कैलगरी जिले में एक गुरुद्वारे के सामने विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में कम से कम दो व्यक्ति घायल हो गए। कैलगरी पुलिस ने कहा कि अधिकारियों को रविवार को शाम सात बजकर 45 मिनट पर गुरुद्वारा साहिब बुलेवार्ड में हुई इस घटना के बारे में सूचना मिली। गुरुद्वारे के बाहर हुई मारपीट में करीब 50 से 100 लोग शामिल थे। अधिकारियों ने कहा कि दिन की शुरुआत में दशमेश संस्कृति केंद्र में हुई इस घटना के बारे में दो बार शिकायत मिली थीं। दोनों शिकायतों में प्रदर्शनकारियों और इमारत के रहने वालों के बीच अलग-अलग झड़प की जानकारी दी गई थी। कैलगरी पुलिस सेवा विभाग ने कहा कि अपराह्न लगभग 1:15 बजे अधिकारियों को शुरू में जानकारी मिली थी कि गुरुद्वारे के बाहर विरोध कर रहे लोगों के कारण गड़बड़ी हुई थी। इसके कुछ ही देर बाद, दूसरी कॉल आई जिसमें बताया गया कि प्रदर्शनकारी इमारत के अंदर चले गए हैं। अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दोनों पक्षों से बातचीत की। पुलिस ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि इस हिंसा में किसी हथियार का इस्तेमाल नहीं हुआ था और कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। कैलगरी पुलिस ने इस बारे में विवरण जारी नहीं किया है कि हमला किस कारण से हुआ या क्या किसी पर आरोप लगाया गया है।

- इस हिंसा में किसी हथियार का इस्तेमाल नहीं हुआ था और कोई गिरफ्तारी नहीं हुई

### इक्वाडोर के राष्ट्रपति ने हजारों सैनिक उतारे

## जेल से फरार अपराधी को ढूंढने के लिए इमरजेंसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साउथ अमेरिका के देश इक्वाडोर की जेल से देश के सबसे खतरनाक अपराधी के फरार होने के बाद 60 दिन की इमरजेंसी लगाई दी गई है। अपराधी का नाम एडोल्फो मासियास विलामर है, जो लॉस कोनेरोस गैंग का लीडर है। पिछले कुछ समय में इक्वाडोर की जेलों में हुए कई घातक दंगों के पीछे इसी गैंग का हाथ रहा है। एडोल्फो को फीटो नाम से भी जाना जाता है। उसे इक्वाडोर की सबसे ज्यादा सुरक्षा वाली जेल में रखा गया था। इक्वाडोर के राष्ट्रपति डैनियल नोबोआ ने कहा- देश में ड्रग तस्करी, हत्याओं और दूसरे अपराधों के लिए जिम्मेदार लोग का समय अब खत्म हो रहा है। हम आतंकियों के साथ बातचीत नहीं करेंगे। जब तक इक्वाडोर में शांति नहीं हो जाती, तब तक हम सुकून से नहीं बैठेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इक्वाडोर सरकार के प्रवक्ता रॉबर्टो इजुरीटा ने कहा- फीटो को ढूंढने के लिए हजारों सैनिकों और पुलिसकर्मियों को सड़कों पर उतारा गया है। फीटो के गायब होने के साथ ही इक्वाडोर की 6 जेलों में गार्ड्स को बंधक बना लिया गया है। सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे कई वीडियो में नकाबपोश कैदी चाकू लेकर गार्ड्स को धमकाते नजर आ रहे हैं।



### 12 राज्यों से अब तक कोविड के उपस्वरूप जेएन.1 के 819 मामले सामने आए

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश के 12 राज्यों से सोमवार तक कोविड-19 के उपस्वरूप जेएन.1 के कुल 819 मामले सामने आए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र से 250, कर्नाटक से 199, केरल से 148, गोवा से 49, गुजरात से 36, आंध्र प्रदेश एवं राजस्थान से 30-30, तमिलनाडु तथा तेलंगाना से 26-26, दिल्ली से 21, ओडिशा से तीन और हरियाणा से एक मामला सामने आया है।

अधिकारियों ने बताया कि जेएन.1 के मामलों की संख्या भले ही बढ़ रही है, लेकिन तत्काल चिंता करने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने कहा कि संक्रमितों में से ज्यादातर घर पर ही उपचार करा रहे हैं, जो हल्की बीमारी का संकेत है। देश में कोविड के मामलों में वृद्धि और जेएन.1 उपस्वरूप के मामले सामने आने के बीच केंद्र सरकार ने राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से निरंतर निगरानी बनाए रखने को कहा है। राज्यों से केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा साझा की गई कोविड-19 के लिए संशोधित निगरानी रणनीति के विस्तृत दिशानिर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

- हरियाणा में भी एक मामला सामने आया
- संक्रमितों में से ज्यादातर घर पर उपचार करा रहे

### लोगों को सावधानी बरतने के लिए किया आग्रह

# चीन से तनाव के बीच ताइवान ने हवाई हमले का अलर्ट जारी किया

एजेंसी ⏭ ताइपे (ताइवान)

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को अलर्ट जारी करते हुए कहा कि चीन ने एक उपग्रह का प्रक्षेपण किया है। इसके साथ ही देश में होने वाले चुनाव से पहले सतर्कता बरतने को कहा है। ताइवान में शनिवार को राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव होने हैं, जिसे चीन ने युद्ध और शांति के बीच में एक विकल्प करार दिया है। लोगों के मोबाइल फोन पर अंग्रेजी भाषा में भेज गये अलर्ट में उन्हें मिसाइल को लेकर आगाह किया गया। ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू के एक अंतरराष्ट्रीय संवाददाता सम्मेलन के बीच में यह अलर्ट जारी हुआ, जिसके बाद उन्होंने संवाददाताओं को स्पष्ट किया कि यह एक उपग्रह प्रक्षेपण था, वे चिंता न करें और इसके बाद संवाददाता सम्मेलन जारी रहा। चीन उसके पूर्वी तट से लगभग 160 किलोमीटर दूर ताइवान को एक विद्रोही प्रांत के रूप में मानता है, जो उसके नियंत्रण में रहना चाहिए।



### चीन से बातचीत फिर शुरू करने का इच्छुक हूं: ताइवानी नेता

ताइवान के राष्ट्रपति पद के प्रमुख उम्मीदवार विलियम लाई ने कहा कि उन्हें चीन के साथ बातचीत फिर से शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि, बीजिंग लगभग आठ वर्षों से स्व-शासित द्वीप के नेताओं के साथ संवाद करने से पूरी तरह से इनकार करता रहा है। ताइवान को चीन अपना हिस्सा बताता रहा है। लाई ने कहा कि वह राजनीतिक, सैन्य या आर्थिक तरीकों से ताइवान पर कब्जा करने की चीन की धमकियों के लोकतांत्रिक ताइवान की वास्तविक स्वतंत्रता को बनाए रखने की वर्तमान प्रशासन की नीति को जारी रखेंगे।

## जापान में फिर भूकंप के तेज झटके 6.0 की तीव्रता से कांप उठी धरती



एजेंसी ⏭ टोक्यो

नई दिल्ली. जापान में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक जापान के होंशू के पश्चिमी तट के पास दोपहर करीब 2:29 बजे 6.0 तीव्रता का भूकंप आया।

अब तक मिली जानकारी के मुताबिक भूकंप के बाद जानमान के नुकसान की सूचना नहीं है। न्यूज एजेंसी एएफपी के अनुसार जापान की सरकार का कहना है कि 6.0 की तीव्रता के भूकंप के बाद अभी तक सुनामी की कोई चेतावनी नहीं है। जापान मौसम विज्ञान का कहना है कि भूकंप जापान सागर के तट पर आया।

जिससे देश का वही हिस्सा हिल गया, जहां 1 जनवरी को एक शक्तिशाली भूकंप ने मध्य जापान के हिस्सों को तबाह कर दिया था।

## राकेश रोशन से ठगी करने वाले पानीपत के व्यक्ति को तीन वर्ष कैद

**मुंबई (भाषा)।** यहां की एक विशेष अदालत ने खुद को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का अधिकारी बताकर फिल्मकार राकेश रोशन समेत कई लोगों को ठगने के आरोपी एक दिव्यांग व्यक्ति को दोषी ठहराते हुए तीन साल जेल की सजा सुनाई। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश वी. पी. देसाई ने आरोपी अश्विनी कुमार शर्मा को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया है। विशेष लोक अभियोजक संदीप सिंह ने बताया कि शर्मा अपनी दिव्यांगता के कारण व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने में असमर्थ था। वह फैसला सुनाने के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थित हुआ। बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को आरोपी को विशेष न्यायाधीश के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होने की अनुमति दी थी। वर्तमान में हरियाणा के पानीपत जिले में अपने परिवार के साथ रह रहे शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होने की अनुमति मांगी थी। उसने एक शपथ पत्र देकर कहा था कि वह बाद में इस आधार पर फैसले को अवैध नहीं बताएगा कि इस दौरान अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं था।

- विशेष न्यायाधीश के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंस से पेश हुआ आरोपित

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25